राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार
वर्ष- 13 अंक - 345
लखनऊ, सोमवार 17 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित
samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

केडी बालिका डिग्री कॉलेज में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस 10
2100 महिलाओं की सहभागिता से घर घर हरियाली अभियान को मिली ऊर्जा 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,55,280/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,42,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,16,500/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,50,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### यूजीसी-नेट आंसर-की जारी

**नई दिल्ली।** एनटीए ने यूजीसी-नेट जून 2026 के 84 विषयों की प्रोविजनल आंसर-की जारी कर दी है। अभ्यर्थी 18 अगस्त रात 11:59 बजे तक प्रति प्रश्न 200 रुपये शुल्क के साथ आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र के प्रश्नपत्रों की संभावित त्रुटियों की जांच के लिए समिति गठित की गई है। वहीं, ज्वाइंट सीएसआईआर यूजीसी-नेट अभ्यर्थी 18 अगस्त रात 11 बजे तक आपत्ति दर्ज करा सकेंगे।

### पंडित की चोटी काटने पर आक्रोश

**सहारनपुर।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव में मारपीट के बाद एक पंडित की जबरन चोटी काटने और मशीन से सिर व भौंह के बाल मुंडने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद आक्रोश फैल गया। ब्राह्मण संगठनों ने आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। इसे लेकर धरना किया गया।

### पीपीएफ की ब्याज दर 7.1 प्रतिशत पर स्थिर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही के लिए छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। पीपीएफ पर 7.1 प्रतिशत ब्याज मिलता रहेगा। छोटी बचत योजनाओं की दरें लगातार नौवीं तिमाही स्थिर रखी गई हैं। वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और सुकन्या समृद्धि योजना पर 8.2 प्रतिशत, एनएससी पर 7.7 प्रतिशत और किसान विकास पत्र पर 7.5 प्रतिशत ब्याज लागू रहेगा। इसका असर व्यापक तौर पर निवेशकों पर नजर आयेगा।

### इंडोनेशिया में भूकंप से 51 की मौत

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में 7.7 तीव्रता के भूकंप और झटकों से 51 लोगों की मौत और 113 लोग घायल हुए हैं। करीब 9,290 लोग राहत एवं निकासी केंद्रों में शरण लिए हुए हैं। सिक्का जिले में सबसे अधिक 3,356 और मंगराई में 2,078 लोग राहत शिविरों में हैं। प्रांतीय सरकार ने 15 से 28 अगस्त तक 14 दिन की आपातकालीन अवधि घोषित की है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार नौ हजार दो सौ नब्बे लोग राहत और निकासी केंद्रों में शरण लेने को विवश हैं।

# वाराणसी एयरपोर्ट पर गोली चली, दो घायल

## हथियार की जांच के दौरान अचानक हुआ फायर, महिला कर्मचारी भी आई चपेट में

- आजमगढ़ से मुंबई जाने पहुंचे शिवसेना नेता की बताई जा रही पिस्टल
- घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने शुरू की गहन जांच

**समृद्धि न्यूज, वाराणसी/आजमगढ़।**

लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार सुबह हथियार की जांच के दौरान अचानक पिस्टल से गोली चलने से हड़कंप मच गया। फायरिंग की चपेट में आने से एयरपोर्ट की एक महिला कर्मचारी समेत दो कर्मचारी घायल हो गए। गोली चलने की आवाज के बाद एयरपोर्ट परिसर में कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल रहा। आनन-फानन में दोनों घायलों को उपचार के लिए न्यू लक्ष्मी ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात जवानों और पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। इसके बाद संबंधित सुरक्षा एजेंसियों ने घटना की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फायरिंग उस समय हुई, जब यात्री के पास मौजूद पिस्टल की जांच की जा रही थी।



### जांच के बाद साफ होगी पूरी तस्वीर

फिलहाल घटना को लेकर कई सवालों के जवाब जांच के बाद ही मिल सकेंगे। पिस्टल में गोली कैसे मौजूद थी, हथियार की जांच किस स्तर पर की जा रही थी, फायरिंग किसके हाथ से हुई और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किस तरह किया गया—इन सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। एयरपोर्ट परिसर में हुई इस घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां अतिरिक्त सतर्कता बरत रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना की विस्तृत जांच पूरी होने के बाद ही गोली चलने की पूरी परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।

### घटना के बाद मचा हड़कंप बढ़ाई गई चौकसी

एयरपोर्ट जैसे संवेदनशील परिसर में अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल स्थिति को नियंत्रित किया और संबंधित यात्री तथा हथियार को अपनी निगरानी में ले लिया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद एयरपोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों से घटना के बारे में जानकारी ली। साथ ही यह भी पता लगाने का प्रयास किया गया कि फायरिंग के समय पिस्टल किसके कब्जे में थी और हथियार की जांच किस प्रक्रिया के तहत की जा रही थी। मामले की संवेदशीलता को ध्यान में रखते हुए हर बिंदू का अवलोकन किया जा रहा है

जानकारी के अनुसार, आजमगढ़ का रहने वाला एक यात्री रविवार सुबह वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचा था। उसे मुंबई की उड़ान पकड़नी थी। यात्री की पहचान शिवसेना नेता के रूप में बताई जा रही है। उसके पास लाइसेंसी पिस्टल होने की जानकारी सामने आई है। एयरपोर्ट पर नियमित सुरक्षा प्रक्रिया के तहत उसके सामान और हथियार की जांच की जा रही थी। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान पिस्टल को लेकर सुरक्षा कर्मी प्रक्रिया पूरी कर रहे थे। इसी दौरान अचानक हथियार से फायर हो गया। गोली चलने की घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास मौजूद कर्मचारियों को संभलने का मौका नहीं मिला। गोली की चपेट में आने से दो कर्मचारी घायल हो गए।

उल्लेखनीय है कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि जांच के दौरान पिस्टल से अचानक गोली कैसे चल गई। हथियार में कारतूस मौजूद था या नहीं, पिस्टल किस स्थिति में थी और फायरिंग के समय उसे किस तरह हैंडल किया जा रहा था, इन सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है।



लखनऊ में स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण के बाद तिरंगे को सलामी देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फोटो-समृद्धि न्यूज

### वंदे मातरम् के अपमान के आरोप पर सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर

**एजेंसी, बेंगलुरु।**



स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कांग्रेस मुख्यालय में 'वंदे मातरम्' और राष्ट्रगान के कथित अपमान को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ कर्नाटक में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत उर्वा पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान 'वंदे मातरम्' बजाए जाने के समय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गंभीरता नहीं दिखा रहे थे। 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर सामने आने के बाद भाजपा ने कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधना शुरू किया। भाजपा नेताओं का आरोप है कि वीडियो में 'वंदे मातरम्' बजने के दौरान कुछ वरिष्ठ नेता आपस में बातचीत करते दिखाई दे रहे हैं। इसे भाजपा ने राष्ट्र और राष्ट्रीय गीत के प्रति असम्मान बताया है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कांग्रेस ने अपना वास्तविक रवैया दिखाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को 'वंदे मातरम्' से परेशानी है और सोनिया गांधी तथा मल्लिकार्जुन खरगे इसके दौरान असहज नजर आए।




*मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,*

*उत्तर प्रदेश में पांच करोड़ घरों में तिरंगा फहराने के महायज्ञ की आज पूर्णाहुति हो रही है। **'हर घर तिरंगा' महा-अभियान में उत्साह एवं उमंग के साथ सहभागी बने आप सभी प्रदेशवासियों को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं।** प्रदेश का नवसामर्थ्य जब विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों के रूप में झलकता है, तो मन हर्षित हो उठता है।*

***जब संकल्प का कोई विकल्प नहीं रह जाता, तभी असंभव लक्ष्य भी सिद्ध हो पाते हैं।** स्वतंत्रता दिवस हमें सदैव उन वीरों के ऐसे ही संकल्पों का स्मरण कराता है, जो देश के लिए हंसते-हंसते शहीद हो गए। **बाबू बंधू सिंह, खुदीराम बोस, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह एवं पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिल' जैसे मां भारती के अनेक वीर सपूतों ने युवावस्था में ही अपना सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया।***

*किशोरावस्था और युवावस्था जीवन का एक स्वर्णिम दौर है। **तरुणाई अंगड़ाई लेती है और सपने आकार लेते हैं।** व्यक्तित्व का निर्माण होता है तथा कुछ कर गुजरने की लालसा बलवती होती है। यही समय तय करता है कि हमारी ऊर्जा और सामर्थ्य केवल हमारे अपने भविष्य को आकार देंगे या समाज और राष्ट्र के भविष्य को भी नई दिशा देंगे।*

*हमारा गौरवशाली इतिहास ऐसे अनेक दृष्टांतों से परिपूर्ण है, जब भारतीय विभूतियों ने उम्र की सीमाओं से परे जाकर देश और दुनिया को मार्ग दिखाया। **आदि शंकराचार्य ने अल्पायु में ही भारत की आध्यात्मिक चेतना को एक सूत्र में पिरो दिया। स्वामी विवेकानंद ने युवावस्था में ही भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति का संदेश विश्व मंच तक पहुंचाया।** इनका जीवन सिखाता है कि उम्र छोटी हो सकती है, लेकिन संकल्प और सामर्थ्य बड़ा होना चाहिए।*

***जब मैं 26 वर्ष की अवस्था में पहली बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुआ और सार्वजनिक जीवन का व्रत लिया, तब से अब तक मेरे सामने भी राष्ट्रसेवा एवं जनसेवा के यही आदर्श सर्वोपरि रहे हैं।** आज प्रदेश सरकार युवाओं को आगे बढ़ने के लिए हरसंभव अवसर प्रदान कर रही है। विगत साढ़े नौ वर्षों में शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार और खेल के क्षेत्र में अनेक अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। **आवश्यकता है कि किशोर एवं युवा इन अवसरों का लाभ उठाएं। अपने संकल्प को राष्ट्रनिर्माण के वृहद लक्ष्य से जोड़ें और उसे सुदृढ़ करने के लिए नियमित योग एवं व्यायाम को जीवन का अंग बनाएं।** तिरंगे के मूल्यों- शौर्य, शांति और समृद्धि को अपने जीवन में उतारें। **जाति-पाति से ऊपर उठकर एकता एवं समरसता का मार्ग चुनें।***

*युवा साथियों, आत्मनिर्माण से राष्ट्रनिर्माण का महती दायित्व आपके कंधों पर है। आपकी ऊर्जा, प्रतिभा, अनुशासन एवं संकल्प से ही विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण का लक्ष्य साकार होगा। यही युवा शक्ति उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी है।*

***आपका***
***योगी आदित्यनाथ***



उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

# टीएमसी के पूर्व विधायक आशीष की संदिग्ध हालात में मौत, कार्यालय में मिला शव

- सुसाइड नोट में पार्टी के गलत कामों का जिक्र

**एजेंसी, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और तृणमूल कांग्रेस के पांच बार विधायक रहे आशीष बनर्जी की रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बीरभूम जिले के रामपुरहाट स्थित तृणमूल कांग्रेस कार्यालय में उनका शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

आशीष बनर्जी रामपुरहाट के वार्ड नंबर पांच के हत्तलापारा इलाके में रहते थे। उनके घर के पास ही तृणमूल कांग्रेस का पार्टी कार्यालय है। परिवार के अनुसार, शनिवार तक उनके व्यवहार में कोई असामान्य बात नजर नहीं आई थी। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उन्होंने अपने घर के पास तिरंगा भी फहराया था और इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की थीं।

घटनास्थल से एक कथित सुसाइड



नोट भी मिला है। इसमें आशीष बनर्जी ने लिखा है कि वह पार्टी के सभी गलत कामों को स्वीकार नहीं कर पाते थे, लेकिन उनका विरोध भी नहीं कर सके। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने पूरी राजनीतिक जिंदगी में किसी काम के बदले एक पैसा नहीं लिया।

नोट में रेत के टेंडर और तारापीठ-रामपुरहाट डेवलपमेंट अथॉरिटी से जुड़े कामों का भी उल्लेख है। उन्होंने टेंडर, प्लान पास करने, एनओसी और चेक से जुड़े मामलों में अपनी किसी भूमिका से इनकार किया है। कथित सुसाइड नोट में उन्होंने अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया और राजनीति में आने पर अफसोस भी जताया है। हालांकि, पुलिस ने नोट की प्रामाणिकता और उसमें लिखी बातों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की है। मामले की जांच के साथ इन तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है।

आशीष बनर्जी के भाई प्रशांत बनर्जी के अनुसार, पार्टी कार्यालय के दरवाजे में थोड़ी जगह से रस्सी लटकी दिखाई दी थी। संदेह होने पर परिवार के लोगों को बुलाया गया और पुलिस को सूचना दी गई।

उन्होंने बताया कि परिवार के लोग आशीष से नियमित रूप से मिलते थे और शनिवार रात तक उन्हें ऐसा कुछ असामान्य नहीं लगा था। आशीष बनर्जी तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में शामिल थे और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करीबी नेताओं में उनकी गिनती होती थी। पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार बनने के बाद उन्होंने कई जिम्मेदारियां संभालीं। वह स्कूल शिक्षा और कृषि मंत्री भी रहे। आशीष बनर्जी वर्ष 2001, 2006, 2011, 2016 और 2021 में रामपुरहाट विधानसभा सीट से लगातार पांच बार विधायक चुने गए।

# फेक न्यूज : दो घंटे में होगा एक्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

- मंत्रालयों में बनेंगी त्वरित प्रतिक्रिया टीमें, इंटरनेट मीडिया पर 24 घंटे नजर

इंटरनेट मीडिया पर तेजी से फैलने वाली फर्जी खबरों, भ्रामक दावों और गलत सूचनाओं पर केंद्र सरकार ने निगरानी और जवाब देने की व्यवस्था को और तेज करने की तैयारी की है। विभिन्न सरकारी विभागों में त्वरित प्रतिक्रिया टीम यानी क्यूआरटी गठित की जा रही हैं।

इन टीमों का उद्देश्य किसी भ्रामक या गलत सूचना के सामने आने के बाद उसकी तत्काल जांच करना और तथ्यात्मक स्थिति जनता के सामने रखना है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, आदर्श स्थिति में ऐसी सामग्री के संज्ञान में आने के दो घंटे के भीतर संबंधित मंत्रालय की ओर से जवाब जारी किया जाएगा।

सरकार की यह व्यवस्था खासतौर पर उन सूचनाओं पर केंद्रित होगी, जिनका संबंध मंत्रालयों की नीतियों, सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों, फैसलों और सार्वजनिक घोषणाओं से है। मंत्रालयों के सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया दल इंटरनेट पर चल रही सामग्री की निगरानी करेंगे। किसी पोस्ट या दावे के संदिग्ध पाए जाने पर उसकी जानकारी संबंधित क्यूआरटी को दी जाएगी। क्यूआरटी के सामने आने वाली सामग्री की पहले तथ्यात्मक जांच की जाएगी। यदि किसी दावे में पूरी तरह गलत जानकारी, भ्रामक तथ्य, छेड़छाड़ की गई सामग्री या किसी बयान को उसके मूल संदर्भ से अलग करके पेश किया गया है तो टीम संबंधित विभाग से वास्तविक जानकारी जुटाएगी। इसके बाद आधिकारिक तथ्य जारी किए जाएंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य केवल सोशल मीडिया पोस्ट का जवाब देना नहीं, बल्कि अलग-अलग सरकारी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना भी है। किसी विषय का संबंध एक से अधिक मंत्रालयों से होने पर संबंधित विभागों के बीच तालमेल बनाकर प्रतिक्रिया तैयार की जाएगी।

बिजली, कृषि और वाणिज्य जैसे विभागों ने अपनी त्वरित प्रतिक्रिया टीम गठित कर ली है। अन्य विभागों में भी ऐसी व्यवस्था विकसित की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया की टीमें अपने विभाग से संबंधित ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखेंगी और महत्वपूर्ण मामलों को तुरंत क्यूआरटी तक पहुंचाएंगी।

जरूरत पड़ने पर संबंधित क्यूआरटी पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की फैक्ट चेक इकाई के साथ भी समन्वय करेगी। इससे ऐसे मामलों में सरकारी स्रोतों से प्राप्त तथ्यों को सामने लाने और गलत दावों का खंडन करने में मदद मिलेगी।

### केंद्र के फैसले के महत्वपूर्ण बिंदु




- फर्जी खबरों पर सरकार की त्वरित कार्रवाई की तैयारी।
- भ्रामक पोस्ट का दो घंटे में जवाब देने का लक्ष्य।
- बिजली, कृषि और वाणिज्य विभागों ने बनाई क्यूआरटी।
- मंत्रालयों की डिजिटल टीमें ऑनलाइन गतिविधियों पर रखेंगी नजर।
- जरूरत पड़ने पर पीआईबी फैक्ट चेक से होगा समन्वय।
- वायरल और संवेदनशील मामलों को मिलेगी प्राथमिकता।
- एक से अधिक मंत्रालयों से जुड़े मामलों की होगी विशेष निगरानी।
- फर्जी दावों के साथ छेड़छाड़ वाली सामग्री भी जांच के दायरे में।

सरकार ने अत्यधिक वायरल हो रही सामग्री को प्राथमिकता देने की व्यवस्था की है। इसके अलावा महत्वपूर्ण जनहित के मामलों, संवेदनशील नीतिगत मुद्दों, संभावित जनहानि, कानूनी पहलुओं और संगठित दुष्प्रचार अभियानों से जुड़ी सामग्री को भी गंभीरता से लिया जाएगा। यदि किसी मामले में कई मंत्रालयों या विभागों की भूमिका सामने आती है तो उसे उचित वरिष्ठ स्तर पर भेजा जाएगा। इससे अलग-अलग विभागों की ओर से अलग-अलग या विरोधाभासी जानकारी जारी होने की स्थिति से बचने में मदद मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार, भ्रामक सामग्री सामने आने के बाद प्रतिक्रिया में अनावश्यक देरी न हो, इसके लिए दो घंटे की समयसीमा को आदर्श लक्ष्य बनाया गया है। हालांकि, किसी दावे का खंडन जारी करने से पहले तथ्यों का सत्यापन आवश्यक होगा। खासतौर पर संवेदनशील मामलों में संबंधित विभाग से जानकारी लेने और कानूनी पहलुओं की जांच के बाद ही आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी की जाएगी।

सरकार का मानना है कि इंटरनेट मीडिया के दौर में गलत सूचना कुछ ही समय में बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच सकती है। ऐसे में देर से जारी किया गया स्पष्टीकरण कई बार मूल दावे के मुकाबले कम प्रभावी साबित होता है। त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था के पीछे इसी चुनौती से निपटने की कोशिश मानी जा रही है। सरकार का मानना है कि अगर फेक न्यूज पर अंकुश नहीं लगाया गया तो राष्ट्रीय सुरक्षा पर बड़ा संकट सामने आ सकता है।

## पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी के निर्देश का डोभाल ने किया खुलासा, कहा-

# आतंकियों को पाताल तक नहीं छोड़ने वाले थे

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने ऑपरेशन सिंदूर के पीछे की रणनीतिक सोच का पहली बार विस्तार से खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि हमले के जिम्मेदार आतंकियों को कहीं भी छिपे होने पर छोड़ा नहीं जाएगा। डोभाल के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा था कि आतंकी जमीन पर हों, आसमान में हों या पाताल में, उन्हें माफ नहीं किया जाएगा।

डोभाल ने पहलगाम हमले के बाद की परिस्थितियों को याद करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी



विदेश यात्रा बीच में छोड़कर लौटने के बाद एयरपोर्ट पर ही अधिकारियों के साथ बैठक की थी। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले हमले से जुड़े तथ्यों की जानकारी ली और पूछा कि इसके पीछे कौन है। इसके बाद उन्होंने आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर स्पष्ट संदेश दिया। एनएसए ने कहा कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने हमले के दोषियों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने एजेंसियों के काम की सराहना करते हुए कहा कि बहुत कम समय में हमले के जिम्मेदार लोगों की पहचान की गई और उनके खिलाफ सटीक कार्रवाई की तैयारी संभव हुई। डोभाल के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर की रणनीति तैयार करते समय भारत ने शुरुआत में ही यह तय कर लिया था कि कार्रवाई का केंद्र पहलगाम हमले से जुड़े आतंकी ढांचे और उनके ठिकानों को नष्ट करना होगा। डोभाल ने कहा कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए आवश्यक सीमा तक जाने को तैयार है। उन्होंने कहा कि किसी देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए संघर्ष की कोई तय सीमा नहीं हो सकती और भारत आवश्यकता पड़ने पर आखिरी दम तक लड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत के अधिक सहनशील होने को उसकी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए।

### अम्बेडकरनगर में आईपीएस की मां की हत्या

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।** मालीपुर थाना क्षेत्र के रूढ़ा गांव में रविवार सुबह एक बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या से सनसनी फैल गई। मृतका को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी आशुतोष मिश्रा की मां बताया जा रहा है। महिला घर में अकेली रहती थीं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उनका शव मुंह में कपड़ा ठूंसे हुए मिला और मुंह से खून भी निकला था। घर में लूटपाट किए जाने की बात भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि वारदात शनिवार देर रात हुई। महिला की देखभाल के लिए आने वाली दाई रविवार सुबह घर पहुंची तो घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। घटना की गंभीरता को देखते हुए अयोध्या रेंज के आईजी ने भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जानकारी लेकर जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## राना पब्लिक स्कूल
पुवायां-शाहजहांपुर
जगतार सिंह राना
निदेशक
अवतार सिंह राना उप निदेशक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## नन्दा ब्रदर्स
उ.प्र.परिवहन विभाग द्वारा प्रमाणित
बंडा रोड, पुवायां-शाहजहांपुर
कृषि यंत्र के निर्माता एवं विक्रेता
धीरज शर्मा राजा नंदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## चेतराम एड.
भाजपा विधायक
विधानसभा पुवायां-शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## द सेक्रेड हार्ट एकेडमी
पुवायां-शाहजहांपुर
संजीव मेहरोत्रा
प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## हरवंश राना
पत्रकार/प्रधान
ग्राम पंचायत बालेमऊ, पुवायां-शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## चंदी कान्वेन्ट स्कूल
खुटार रोड गंगसरा, पुवायां-शाहजहांपुर
डायरेक्टर बल्देव सिंह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## विनायक अग्रवाल
सह डायरेक्टर
कैम्ब्रिज कान्वेंट स्कूल पुवायां-शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## राज नरायन सिंह
ग्राम पंचायत सचिव
विकासखण्ड, पुवायां-शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## दलजीत सिंह (राजा बरौना)
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
भाजपा नेता
विकासखण्ड, पुवायां-शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## अनिल यादव
जिलाध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट
जिला शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## सुबोध वर्मा (पंजू)
व्यापारी नेता
आढती
मंडी समिति पुवायां, शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## राजेश शुक्ला
प्रदेश उपाध्यक्ष
अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा.) उ.प्र.
पुवायां-शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## सावित्री एकेसी बजाज
बंडा रोड पुवायां, शाहजहांपुर
प्रो. संतोष पांडेय
हमारे शोरूम पर बजाज कंपनी की सभी प्रकार की बाइकें नगद व आसान किस्तों पर उपलब्ध हैं।










स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## पीके मिश्रा
उप कृषि निदेशक
शाहजहांपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## डा. गणेश गुप्ता
सहायक आयुक्त सहायक सहकारिता
जिला शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## प्रवीण कुमार योगी
टोल प्लाजा मैनेजर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## मिथिलेश कुमार कठेरिया
राज्यसभा सांसद
शकुंतला देवी
पूर्व विधायक
पुवायां, शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## डा.निर्भय गुप्ता
डेंटल सर्जन
शाहजहांपुर रोड पुवायां

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## महेश पाल सिंह
आढ़ती
मंडी समिति पुवायां-शाहजहांपुर




15 अगस्त एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
## फैजामे वारिश देवा इंटर कॉलेज
बिराहिमपुर बंडा, शाहजहांपुर
प्रबंधक करन कुमार
मो,9651057325 , 9005211561

15 अगस्त एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
## बी पैक्स पोहकरपुर बंडा, शाहजहांपुर
सतपाल वर्मा
अध्यक्ष
ज्ञान प्रकाश पाठक
सचिव

15 अगस्त एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
## स्वास्तिक अल्ट्रासाउंड
बिलसंडा रोड बंडा
एमडी डॉक्टर वसीम

15 अगस्त एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
## न्यू उन्नति हॉस्पिटल
पुवायां रोड बंडा
एमडी डॉक्टर राम वर्मा

15 अगस्त एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू उन्नति हॉस्पिटल
पुवायां रोड बंडा
एमडी डॉक्टर राम वर्मा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## कृष्णा कंस्ट्रक्शन
चिनौर,शाहजहांपुर
विशाल चतुर्वेदी
राजकीय ठेकेदार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## जयकरन
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कढ़ैया
वि.ख. खुटार, शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## मनोज यादव
सचिव
साधन सहकारी समिति
चांदपुर, खुटार-शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## शशि कपूर गौतम
ग्राम विकास अधिकारी
वि.ख. खुटार, शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## डॉ.गौरव सक्सेना
प्रभारी चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार, शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## चेतराम
विधायक, पुवायां
गायत्री इंटरप्राइजेज
शाहजहांपुर

प्रस्तुति : आयुष त्रिवेदी
हि. दै. समृद्धि न्यूज संवाददाता, खुटार-शाहजहांपुर




15 अगस्त एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
## लाइफ केयर हॉस्पिटल
खुटार रोड बंडा, शाहजहांपुर
दिव्या हॉस्पिटल ढका घनश्यामपुर
एमडी डॉक्टर फारूक

15 अगस्त एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
## काव्य पब्लिक इंटर कॉलेज पड़रिया
दललेपुर बंडा,शाहजहांपुर
एमडी सुरेश वर्मा

# सहज-सरल, लेकिन इरादों के अटल थे पूर्व पीएम : योगी

▸ मुख्यमंत्री ने अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'भारत रत्न' पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा निवेदित करते हुए लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अटल जी का छह दशक का सार्वजनिक जीवन निर्विवाद और निष्कलंक रहा। वह भारतीय राजनीति के अजातशत्रु के रूप में 'राष्ट्र सर्वोपरि' के भाव के साथ निरंतर कार्य करते रहे। सार्वजनिक जीवन की शुरुआत उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा-370 लगाए जाने के विरोध में सत्याग्रह से प्रारंभ की थी।

मुख्यमंत्री योगी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सांसद, विदेश मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री की अलग-अलग भूमिकाओं में भी उनके लिए सदैव 'राष्ट्र प्रथम' रहा। वह भाजपा के सामान्य कार्यकर्ता से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, नेता सदन, प्रधानमंत्री समेत किसी भी पद पर रहे हों, उनके जीवन का ध्येय केवल 'राष्ट्र प्रथम' था। जब-जब भी आवश्यकता पड़ी, उन्होंने दल से ऊपर देश को महत्व दिया।

### राष्ट्र की सुरक्षा में अटल जी का योगदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने जब देश पर इमरजेंसी थोपी थी तो उन्होंने जनसंघ का जनता पार्टी में विलय करते हुए आपातकाल से मुक्ति के आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लिया था। 1962, 1965, 1971 के युद्ध में उन्होंने सरकार को कटघरे में खड़ा करने की बजाय सरकार के साथ जिम्मेदार सांसद के रूप में खड़े होकर राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने में अपना योगदान दिया। योगी ने कहा कि भारत की राजनीति में अस्थिरता के दौर को रोकने और राजनीतिक स्थिरता के माध्यम से सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कैसे कदम उठाए जा सकते हैं, अटल जी ने राजनीतिक समन्वय के माध्यम से 1996-98 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का निर्माण करके जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आज भी भारत की राजनीति में प्रासंगिक बना हुआ है। एनडीए भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में सहयोगी दलों के साथ मिलकर निरंतर देश, राज्यों के अंदर विभिन्न सरकारों का संचालन करते हुए सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त कर रहा है।

# जनभवन में विधि विधान से रुद्राभिषेक संपन्न

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से रविवार को जन भवन में रुद्राभिषेक का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुआ। राज्यपाल ने रुद्राभिषेक में सहभागिता करते हुए भगवान शिव का विधिवत पूजन एवं अभिषेक किया।

इस दौरान जन भवन के अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिजनों ने सामूहिक रूप से मंत्रोच्चारण, पूजन एवं आरती में सहभागिता की।

पूजन संपन्न होने के पश्चात राज्यपाल ने भ्रमण करते हुए रुद्राभिषेक में सम्मिलित प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी व उनके परिजनों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। उन्होंने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए उनके घर-परिवार का कुशलक्षेम जाना तथा उनके सुख-स्वास्थ्य की जानकारी ली। राज्यपाल द्वारा आत्मीयता से किए गए संवाद से अधिकारी-कर्मचारी भावुक एवं प्रसन्न नजर आए।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से जन भवन में रुद्राभिषेक की परंपरा विगत कई वर्षों से चली आ रही है। इसमें जन भवन के अधिकारी कर्मचारी अपने परिजनों के साथ सामूहिक रूप से श्रद्धापूर्वक सहभागिता करते हैं।

## खबरें एक नजर में

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**लखनऊ।** किसान पथ पर शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा बीकेटी थाना क्षेत्र में जीसीआरजी कॉलेज के पीछे रात करीब 8.30 बजे हुआ। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, सैरपुर-मड़ियांव के बासवान पुरवा निवासी अंकित पुत्र ओम प्रकाश मोटरसाइकिल संख्या यूपी32 जेयू6208 से जा रहे थे। इसी दौरान जीसीआरजी कॉलेज के पीछे किसान पथ पर उनकी बाइक की ट्रक संख्या जेएच02बीके0597 से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को 100 शैय्या अस्पताल, बीकेटी पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद अंकित को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना परिवार को मिली तो घर में कोहराम मच गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना से संबंधित साक्ष्य जुटाए हैं। अब पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी है।

### शौचालय का छज्जा गिरने से युवक की मौत

**लखनऊ।** सैरपुर थाना क्षेत्र के साधुपुर गांव में रविवार सुबह शौचालय का छज्जा अचानक गिरने से 40 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे तत्काल ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान साधुपुर निवासी रमाकर मिश्रा पुत्र ज्ञानेश्वर मिश्रा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुबह के समय शौचालय का छज्जा अचानक भरभराकर नीचे गिर गया। रमाकर मिश्रा उसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिजन रमाकर को तुरंत ट्रामा सेंटर ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सैरपुर पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और मामले की जांच में जुट गई है। मृतक परफ्यूम बनाने वाली कंपनी में काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी शोभा के अलावा तीन बच्चे शिव, लक्ष्मीकांत और रजनीकांत हैं। चार साल पहले मृतक परिवार के साथ रैथा रोड स्थित साधुपुर कॉलोनी में मकान लेकर रहने आया था।

### हाईटेंशन लाइन से महिला जली

**लखनऊ।** रविवार सुबह एक महिला हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। वह घर के छज्जे पर करीब 5 मिनट तक तार से चिपकी रही। करंट लगने से उसके कपड़े जल गए। शरीर से धुआं निकलता रहा। महिला लगातार तड़पती रही। महिला को तार से चिपका देखकर आसपास के लोगों ने पावर हाउस में फोन किया। बिजली सप्लाई बंद कराई। इसके बाद महिला को तार से अलग कर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना सरोजनीनगर क्षेत्र की है। सरोजनीनगर की जयराजपुरी कॉलोनी में रहने वाले संदीप रावत घरों में वाई-फाई लगाने का काम करते हैं। साथ में पत्नी मीरा (35) और छोटे भाई प्रदीप रावत रहते हैं। रविवार सुबह संदीप घर में सो रहा था। प्रदीप शनिवार को महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन गया था। सुबह करीब नौ बजे मीरा कपड़े धोने के बाद उन्हें सुखाने दूसरी मंजिल की छत पर गई थी। कपड़े डालते समय उसका दुपट्टा पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से छू गया। करंट लगते ही मीरा बाउंड्री के बाहर छज्जे पर गिर गई। इसी दौरान उसका पैर भी तार से छू गया। इसके बाद मीरा के शरीर से धुआं निकलने लगा और वह जलने लगी। आसपास के लोगों ने मीरा को तार से चिपका देखा तो शोर मचाया। आवाज सुनकर पति संदीप की नींद खुली। बाहर का नजारा देखकर वह घबरा गया। लोगों ने तुरंत गहरु पावर हाउस में फोन कर बिजली सप्लाई बंद कराई। तब तक मीरा बुरी तरह झुलस चुकी थी। बिजली बंद होने के बाद उसे नीचे उतारा गया। एंबुलेंस से सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल उसका सिविल अस्पताल में इलाज जारी है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### चाईनीज मांझा की चपेट में आये युवक की बची आंख

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी के अकबरी गेट के पास चाईनीज मांझे की चपेट में आये बाईक सवार युवक की आंख बच गयी। जबकि साथ में बैठी पत्नी और नाबालिग पुत्र मांझे की चपेट में आने से बाल-बाल बच गये। प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्वतंत्रता दिवस के दिन सायं साढ़े चार बजे चौपटियां से अपनी रिश्तेदारी से मिलकर अमीनाबाद क्षेत्र के नाला फतेहगंज स्थित अपने आवास की ओर बाईक से परिवार के साथ लौटते वक्त संदीप त्रिपाठी के साथ यह हादसा अकबरी गेट पर हुआ। इस हादसे में चाईनीज मांझे की चपेट में आने के बाद युवक की एकाएक आंखों के ऊपर की पलक के पास खाल कट गयी और खून निकलता देख तुरन्त बाद लोग इकट्ठा हो गये और आसपास स्थित निजी नर्सिंग होम ले जाया गया जहां डॉक्टरों के अभाव में इलाज नहीं हो सका, तब तत्काल बलरामपुर हास्पिटल के इमरजेन्सी में पहुंचे जहां उनका इलाज हुआ और आंखों के ऊपर टांके लगाकर घर भेज दिया। चाईनीज मांझे से हुये इस हादसे ने न सिर्फ चपेट में युवक व उसके परिवार को झकझोर कर रख दिया बल्कि प्रशासन पर सवाल उठा दिये है कि बिक्री पर रोक होने के बावजूद चाईनीज मांझा बाजार में खुलेआम कैसे बिक रहा है।

# परिसीमन से ज्यादा जरूरी देश की सीमाओं की सुरक्षा : अखिलेश

▸ आम लोगों पर महंगाई का दबाव बढ़ रहा है
▸ सीमाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे
▸ वीरांगना अवंतीबाई लोधी को किया नमन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर कई मुद्दों को लेकर निशाना साधा। परिसीमन के मुद्दे पर कहा कि आज देश के सामने परिसीमन से ज्यादा महत्वपूर्ण उसकी सीमाओं की सुरक्षा है। भाजपा को बताना चाहिए कि 2014 में देश का क्षेत्रफल कितना था और अब कितना है।

लखनऊ में वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। सरकार को इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने परिसीमन के साथ देश की विदेश नीति, आतंकवाद और नक्सलवाद जैसे विषयों को महत्वपूर्ण बताया। सपा अध्यक्ष ने महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आम लोगों पर महंगाई का दबाव बढ़ रहा है।

पेट्रोल में ई-20 मिलाए जाने का मुद्दा उठाते हुए सरकार से इसका जवाब मांगा। किसानों को खाद और डीएपी की उपलब्धता को लेकर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल रही है। अखिलेश ने लखनऊ की सफाई व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार और नगर प्रशासन पर निशाना साधा।

उन्होंने दावा किया कि राजधानी में जगह-जगह कूड़ा पड़ा है और नाले भरे हुए हैं, जबकि स्मार्ट सिटी की बातें की जा रही हैं। पौधरोपण के सरकारी दावों पर कहा कि भाजपा के लोग 300 करोड़ पेड़ लगाने की बात करते हैं लेकिन यह बताना चाहिए कि ये पेड़ कहां लगाए गए हैं। उन्होंने लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे की स्थिति का भी जिक्र किया और कहा कि एक्सप्रेस-वे पर जगह-जगह गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। अखिलेश ने विकास कार्यों और उनके रखरखाव को लेकर जवाबदेही तय करने की मांग की।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर में प्राथमिक विद्यालयों को बंद किए जाने का दावा करते हुए सवाल उठाए। गोरखपुर में 500 प्राथमिक स्कूल बंद कर दिए गए हैं। सरकार को बताना चाहिए कि स्कूल बंद करने की जरूरत क्यों पड़ी। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान, सामाजिक न्याय और अधिकारों की लड़ाई को आगे भी जारी रखेगी। डॉ. भीमराव अंबेडकर और डॉ. राम मनोहर लोहिया ने समाज को संविधान, समाजवाद का रास्ता दिखाया था। आज भी समाज को अपने अधिकारों के लिए जागरूक और एकजुट होने की जरूरत है। जिस तरह आजादी के दौर में लोगों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ा था, उसी तरह आज भी अपने अधिकारों की मांग करनी पड़ रही है। वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए अखिलेश ने कहा कि उनके साहस, संघर्ष और बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। स्वतंत्रता संग्राम में जिस तरह रानी लक्ष्मीबाई ने वीरता का परिचय दिया, उसी तरह अवंती बाई लोधी ने भी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष किया।

# 2100 महिलाओं की सहभागिता से घर घर हरियाली अभियान को मिली ऊर्जा

▸ हरियाली तीज प्रकृति के प्रति प्रेम का सुंदर पर्व : महापौर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



हरियाली तीज के पावन अवसर पर रविवार को राजधानी लखनऊ के के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में शिवि शिल्प ग्राम की ओर से 'घर-घर हरियाली' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल ने सम्मिलित होकर उपस्थित मातृशक्ति का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में 2100 महिलाओं की सहभागिता से 'घर-घर हरियाली' अभियान को ऊर्जा मिली पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के प्रति समाज में जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया।

इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि हरियाली तीज हमारी संस्कृति व प्रकृति के प्रति प्रेम का सुंदर पर्व है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने में सहायता मिलती है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम की आयोजक एवं अध्यक्ष पुनीता भटनागर सहित सभी आयोजकों एवं सहभागी महिलाओं को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी गई। इस अवसर पर पूर्व महामंत्री, अवध क्षेत्र राजेश्वरी त्रिपाठी, कौशल्या सिंह सहित लखनऊ एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पधारीं महिला शक्ति की उपस्थिति रही। हरियाली तीज के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने परंपरा, नारी शक्ति और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ते हुए समाज को हरित एवं स्वस्थ भविष्य का संदेश दिया।

## उत्तर प्रदेश में दिखता है बदलाव : नाना पाटेकर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की जमकर सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतने बड़े और विविधताओं से भरे प्रदेश में प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है और इसके सकारात्मक परिणाम आज स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस के थीम गीत 'खाकी का सितारा' के विमोचन कार्यक्रम में नाना पाटेकर ने कहा कि लगभग 25 करोड़ की आबादी वाले प्रदेश में केवल पुलिस बल की संख्या बढ़ाने से सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि इसके लिए मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट नीति और दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता होती है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पुलिस को आधुनिक संसाधन, नई तकनीक और आत्मविश्वास प्रदान किया गया है, जिससे कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। नाना पाटेकर ने कहा कि पिछले कई दशकों में उन्होंने उत्तर प्रदेश में उल्लेखनीय परिवर्तन देखा है। कानून व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार दिखाई देता है और सरकार की कार्यशैली में निर्णय लेने की स्पष्टता नजर आती है। उन्होंने कहा कि पुलिस जितनी आधुनिक होगी, नागरिक उतना सुरक्षित होगा और नागरिक जितना जागरूक होगा, अपराधियों के लिए काम करना उतना ही कठिन हो जाएगा।

# कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान शुरू

▸ जिला व शहर अध्यक्ष के लिए तलाशे जाएंगे योग्य चेहरे

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने लखनऊ में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत कर दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी चुनाव समिति की सदस्य एवं संगठन सृजन अभियान की एआईसीसी पर्यवेक्षक डॉ. अमी याज्ञनिक ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय नेहरू भवन में प्रेसवार्ता के दौरान अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य हर वर्ग के लोगों को कांग्रेस संगठन से जोड़ना और जमीनी स्तर पर मजबूत एवं समावेशी संगठन तैयार करना है।

प्रेसवार्ता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी चुनाव समिति के सदस्य और पूर्व सांसद पीएल पुनिया भी मौजूद रहे। डॉ. अमी याज्ञनिक ने कहा कि उन्हें लखनऊ में संगठन सृजन अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह अभियान देशभर में जिला और शहर अध्यक्षों के चयन के लिए चलाया जा रहा है। कांग्रेस के पिछले अधिवेशन में संगठन को मजबूत करने के लिए इस अभियान को चलाने का निर्णय लिया गया था। डॉ. अमी याज्ञनिक ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि संगठन में समाज के हर वर्ग को प्रतिनिधित्व और आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि समावेशी संगठन के निर्माण के लिए हर तबके के लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान छात्रों, युवाओं, मजदूरों, व्यापारियों, महिलाओं और किसानों समेत विभिन्न वर्गों के लोगों से संवाद हुआ। इससे जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं को समझने का अवसर मिला।

अब संगठन को मजबूत करने के लिए इन्हीं वर्गों के लोगों को संगठन में सक्रिय भूमिका देने की दिशा में काम किया जा रहा है।



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रेनू यादव
ग्राम विकास अधिकारी
वि.ख. जलालाबाद
शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुधीर कुमार गुप्ता डिम्पल
नगर अध्यक्ष भाजपा
परशुरामपुरी, शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अंश कुमार
ग्रा.पं. पिटामऊ
जलालाबाद,शाह.

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

लक्ष्मी द्विवेदी
ग्राम प्रधान
पति विमलेश कुमार द्विवेदी
ग्रा.पं. रौलीबारी,
जलालाबाद,शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रामवीर सिंह
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.खंडहर
वि.ख.जलालाबाद,
शाहजहांपुर




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राजू सोनकर
प्रोजेक्ट मैनेजर
अनिल एसोसिएटेस
रामगंगा कोलाघाट ब्रिज
जलालाबाद, शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रजनीश कुमार
लेखपाल तहसील परिषद
जलालाबाद,
जनपद शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ संतोष मिश्रा
लव कुश डेंटल केयर खंडहर रोड जलालाबाद
सस्ते और अच्छे दांत लगवाने के लिए संपर्क करें

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पवन कुमार सिंह
लेखपाल तहसील परिषद
जलालाबाद, शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरुण निगम
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकासखंड जलालाबाद
जनपद शाहजहांपुर

प्रस्तुति : गौरी शंकर त्रिवेदी
तहसील प्रभारी
मो. 8853460381
अंकित दीक्षित, संवाददाता
तह. परशुरामपुरी जलालाबाद, शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राकेश कुमार
ग्राम पेहना
मदनापुर,
शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्री परशुराम गौतम
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
ग्राम बरुआ
तहसील जलालाबाद,
जिला शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बाबूराम ग्राम प्रधान
ग्रा.प.कोहना याकूबपुर
ब्लॉक मदनापुर, तह.
जलालाबाद, शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीपाल वर्मा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कटका बहादुरपुर
विकासखंड जलालाबाद, शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मोहम्मद अरहम खान
मोहम्मद अरकम खान
अल्फानूर
मोहम्मद शाहजैन हसन खान
ऐमनज़ई जलालनगर, शाहजहाँपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनिल कुमार कुशवाहा
ग्राम पंचायत बजेहडा
महुआ डाडी विकासखंड
जलालाबाद,शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजधानी फार्मेसी मीरानपुर कटरा प्रो०
डॉ० शाकिब मिर्जा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जितेंद्र पाल सिंह कुशवाहा
ग्राम पंचायत पैहना
वि.ख. मदनापुर,
जिला शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रवि राम वर्मा
ग्राम पंचायत नौगबां
जलालाबाद शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

वेदपाल सिंह
अनुपम मेडिकल स्टोर
रामपुर खजुहाहार टॉपर,
जलालाबाद, शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


डॉ. नासिर अंसारी
मीरानपुर कटरा
शाहजहांपुर



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

15 अगस्त रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेंद्र कुमार
पीएस
पडरी चांदपुर, बंडा,
शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

फारूक अली
प्रधान
भाई रिजवान
अहमद एडवोकेट
समाजसेवी
ग्राम पंचायत पैलानी उत्तर

ब्लॉक - मिर्ज़ापुर (शाहजहांपुर)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विक्रम गोस्वामी, फाइनेंशियल एडवाइजर
प्रखर फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड
खन्ना वर्कशॉप तारीन टिकली शाहजहांपुर
मो. 7309379999

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नीलेश यादव
बझेडा चौराहा
विकास खण्ड
जलालाबाद, जनपद
शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेंद्र सिंह यादव
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. कटयुली
विकास खंड
जलालाबाद,शाह.

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रियांशु रघुवंशी
ब्लॉक प्रमुख मिर्जापुर
कृष्ण कुमार सिंह रघुवंशी
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
प्रबंधक/स्वामी
श्रीशिवमंगल सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज मिर्जापुर
श्रीजानकी महाराज इंटर कॉलेज मिर्जापुर
हिमप्रिय फूड प्रिजर्वेटर्स प्रा.लि. कोल्डस्टोरेज मिर्ज़ापुर
जय अम्बे फिलिंग स्टेशन मिर्ज़ापुर
किसान सेवा केंद्र फिलिंग स्टेशन मिर्ज़ापुर (शाहजहांपुर)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

निदान हॉस्पिटल एवं कलर अल्ट्रासाउण्ड डिजिटल एक्स-रे
पता
बरेली रोड मीरानपुर कटरा
शाहजहाँपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
निदान अल्ट्रासाऊंड सेंटर
मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर

डॉ. सिद्दीक अंसारी

सांसद अरूण सागर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रिंकी देवी पत्नी
राजीव वर्मा
(प्रधान)
ग्राम पंचायत चंदगोई,
ब्लाक ददरौल,शाहजहांपुर
मो0 9621597063

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राममोहन शुक्ला
(प्रधान)
ग्राम पंचायत सुजातपुर
ब्लाक भावल खेड़ा,
शाहजहांपुर
मो.9935469350

# रोजा आईटीआई के छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**रोजा,शाहजहांपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रोजा में श्हर घर तिरंगाश् अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। छात्रों और नागरिकों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंडता की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निकाली गई तिरंगा यात्रा में प्रधानाचार्य अरविन्दकुमार, प्रभारी अमित कुमार गुप्ता भी शामिल थे। तिरंगा यात्रा में आईटीआई के सभी छात्र-छात्राओं, कार्यालयीन कर्मचारी और प्रशिक्षण अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा थामे अधिकारियों-कर्मचारियों और ट्रेनीज ने पूरे अनुशासन के साथ परिसर और नजदीकी क्षेत्रों में ष्भारत माता की जयष् और ष्वंदे मातरम्ष् के नारे लगाकर माहौल को पूरी तरह राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। तिरंगा यात्रा के आयोजन के पूर्व संस्था के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं ट्रेनीज द्वारा राष्ट्र गीत ष्वंदे मातरमष् का सामूहिक गान किया एवं स्वछता की शपथ ली। इस दौरान संस्थान में, छात्रों को अपने घरों, प्रतिष्ठानों और संस्थानों पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रध्वज फहराने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश भी दिया गया।

# भव्य तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब राज्यसभा सांसद रहे मौजूद

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

पुवायां नगर क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति और जन-उत्साह का एक अनोखा नजारा देखने को मिला, जब विशाल भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस ऐतिहासिक यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों, चैराहों और बाजारों से होकर गुजरी। हाथों में लहराते राष्ट्रध्वज और हवा में गूंजते श्भारत माता की जयश् व श्वंदे मातरमश् के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया।

यात्रा के दौरान मार्ग में स्थान-स्थान पर स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत किया गया। समाज के हर वर्ग, विशेषकर युवाओं और बुजुर्गों ने इस यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी, चालक घायल

**रोजा,शाहजहांपुर।** बरेली सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरूवार की देर रात जमुका फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार से जा रही कार आगे चल रहे ट्रक में में घुस गई। जिससे कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे कार चालक बुरी तरह फंस कर घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कार के अगले हिस्से में फंसे कार काट कर बाहर निकालकर राजकीय मेडिकल भेज दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई हैं। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि गुरूवार की देर रात सूचना मिली कि लखनऊ-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर जमुका फ्लाईओवर पर एक कार लखनऊ की तरफ जा रहे ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान ट्रक मे पीछे से घुस गयी।


सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई




दिलीप कुमार त्रिपाठी
संवाददाता ( पत्रकार)
लखीमपुर खीरी

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
दि ऐलीट ऐकेडमी



निकट-सिसैया चौराहा, लखीमपुर-खीरी

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
गोपालजी पुरी
न्यू मार्डन सु कंपनी
लखीमपुर खीरी




सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
जिला अध्यक्ष
व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान रजिस्टर्ड केयर ऑफ़ महिंद्रा पुस्तक भंडार में रोड लखीमपुर खीरी



सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
राजेश शुक्ला
लेखपाल सदर तहसील लखीमपुर खीरी






स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रभु दयाल कश्यप
निवासी मिर्जाभानपुर,
मदनापुर, शाहजहांपुर
मो 9794871253

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सरस्वती ज्ञान मंदिर
जूनियर हाई स्कूल
पिटार मऊ रोड
जलालाबाद
प्रबंधक भूपेंद्र सिंह

समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



पुनीत कुमार पाठक
जिला उद्यान अधिकारी
शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



राकेश मोहन
पाण्डेय
डिप्टी आरएमओ













स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



ललित कश्यप
( पूर्व सैनिक )
मंडल मंत्री मदनापुर
भाजपा
निवासी मिर्जाभानपुर
मो 9956179387


























कार्यालय नगर पालिका परिषद, तिलहर (शाहजहाँपुर)
एक कदम स्वच्छता की ओर

नगर पालिका परिषद तिलहर 80वें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2026 के सुअवसर पर नगरवासियों से निम्नवत् अपील करती है।

1- हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पालिका को अपना सहयोग प्रदान करें।
2- सभी नगर वासियों से अपील है, कि अपने घरों की छत व दुकानों/ प्रतिष्ठानों आदि पर तिरंगा जरूर फहराएं।
3- स्वच्छ भारत मिशन के अंर्तगत नगर की साफ सफाई डोर-टू-डोर कूड़ा पृथक्करण, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध आदि पर अपनी सहभागिता प्रदान करें।
4- अपने-अपने घरों व प्रतिष्ठानों में सूखा कूड़ा व गीला कूड़ा अलग-अलग पात्र में रखते हुए सुबह सफाई मित्र को ही दें अथवा पालिका की गाड़ी में डालें।
5- नगर के करों एवं देयों का समय से भुगतान कर नगर के विकास में अपना योगदान दें।
6- सार्वजनिक भूमियों एवं सड़क किनारे नाला नालियों पर अतिक्रमण न करें।
7- सार्वजनिक स्थानों अथवा सड़कों पर जानवर न बाँधे, नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
8- मेरा आंगन मेरी हरियाली के अंतर्गत अपने-अपने घरों में पौधे/ सब्जियां इत्यादि अवश्य लगाएं।
9- अपने-अपने घरों में अथवा कार्यालयों में आयोजित समारोह को जीरो वेस्ट इवेंट के रुप में मनाये।
10- पॉलीथिन/ प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग न करें।
11- जन्म व मृत्यु पंजीकरण 21 दिवस के भीतर समय से करायें।
12- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर रुफटॉप लगवायें, आकर्षक अनुदान एवं बिजली बिल में राहत पायें।

आपकी सक्रिय सहभागिता ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में नगर पालिका परिषद तिलहर को बनाएगी नं० 1

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, तिलहर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, तिलहर

समस्त सभासदगण एवं अधिकारी/ कर्मचारीगण, नगर पालिका परिषद, तिलहर शाहजहाँपुर


प्रस्तुति : राम लडैते तिवारी ब्यूरो प्रभारी
विशेक मिश्रा
पत्रकार
हि.दै. समृद्धि न्यूज शाहजहांपुर

## विकास की सप्तधारा

लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए देश के विकास की व्यापक दिशा सामने रखी। लगातार 13वीं बार राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने उपलब्धियों के साथ उन चुनौतियों का भी उल्लेख किया, जिनका समाधान विकसित भारत के लक्ष्य के लिए आवश्यक है। एक करोड़ युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई का प्रशिक्षण देने और विद्यार्थियों को ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराने जैसी घोषणाएं भविष्य की जरूरतों के अनुरूप हैं। हालांकि इन पहलों की वास्तविक सफलता उनकी घोषणा से नहीं, बल्कि प्रभावी क्रियान्वयन से तय होगी।

देश में योजनाओं की कमी नहीं है। समस्या अक्सर उनके प्रभावी क्रियान्वयन की रहती है। केंद्र सरकार अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाती है, लेकिन उनका वास्तविक लाभ आम नागरिक तक पहुंचाने में राज्य सरकारों और स्थानीय प्रशासन की भूमिका निर्णायक होती है। इसलिए विकसित भारत का लक्ष्य केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय के बिना पूरा नहीं किया जा सकता।

राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन विकास के प्रश्न पर इन मतभेदों को बाधा नहीं बनने देना चाहिए। केंद्र और राज्य यदि एक टीम की तरह काम करें तो योजनाओं की गति और गुणवत्ता दोनों बेहतर हो सकती हैं।

एक करोड़ युवाओं को एआई प्रशिक्षण देने की घोषणा विशेष महत्व रखती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आने वाले समय में उद्योग, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन और व्यापार की दिशा बदलने वाली है। भारत के युवाओं को इस परिवर्तन के लिए तैयार करना आवश्यक है। लेकिन प्रशिक्षण केवल प्रमाणपत्र तक सीमित नहीं होना चाहिए। देश पहले कौशल विकास के अनेक कार्यक्रम देख चुका है। उनमें से कुछ ने अच्छे परिणाम दिए, लेकिन कई योजनाएं अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ सकीं। एआई प्रशिक्षण के साथ यह सुनिश्चित करना होगा कि युवाओं को वास्तविक उद्योग की जरूरतों के अनुरूप व्यावहारिक ज्ञान मिले। प्रशिक्षण के बाद रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी विकसित किए जाएं, तभी इसका व्यापक लाभ दिखाई देगा। विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा भी महत्वपूर्ण पहल है। महंगी निजी कोचिंग का खर्च हर परिवार के लिए संभव नहीं होता। यदि सरकारी व्यवस्था के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों, अध्ययन सामग्री और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की सुविधा विद्यार्थियों को मिलती है तो यह शिक्षा के क्षेत्र में अवसरों की असमानता कम करने में सहायक हो सकती है। हालांकि सरकारी ऑनलाइन कोचिंग के सामने निजी कोचिंग संस्थानों की मजबूत व्यवस्था एक बड़ी चुनौती होगी। केवल ऑनलाइन मंच तैयार कर देना पर्याप्त नहीं है। शिक्षण की गुणवत्ता, नियमित मूल्यांकन, तकनीकी सुविधाएं और विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित करना होगा। प्रधानमंत्री ने अगली पीढ़ी के सुधारों के संदर्भ में शक्ति की सप्तधारा का जो उल्लेख किया, वह विकसित भारत के लक्ष्य का व्यापक खाका प्रस्तुत करता है। इसकी पहली शक्ति मैन्यूफैक्चरिंग क्षमता है। भारत को यदि वैश्विक अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभानी है तो उत्पादन क्षमता बढ़ानी होगी। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और निर्यात को भी गति मिलेगी। दूसरी शक्ति कृषि एवं खाद्य उत्पादन है। भारत की बड़ी आबादी आज भी कृषि पर निर्भर है। इसलिए आधुनिक तकनीक, बेहतर सिंचाई, भंडारण, प्रसंस्करण और बाजार की सुविधा के माध्यम से कृषि को अधिक लाभकारी बनाना होगा। कृषि की मजबूती के बिना समावेशी विकास की कल्पना अधूरी रहेगी।

तीसरी शक्ति प्रौद्योगिकी एवं नवाचार है। दुनिया तेजी से तकनीकी परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में भारत को केवल तकनीक का उपभोक्ता बनने के बजाय उसके निर्माण और नवाचार में भी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। चौथी शक्ति गति शक्ति अर्थात कनेक्टिविटी है। बेहतर सड़क, रेल, बंदरगाह, हवाई संपर्क और डिजिटल नेटवर्क आर्थिक गतिविधियों को नई गति दे सकते हैं। पांचवीं शक्ति रक्षा शक्ति है। आत्मनिर्भर और मजबूत रक्षा व्यवस्था देश की सुरक्षा के साथ-साथ आर्थिक और तकनीकी क्षमता को भी मजबूत करती है। रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन और अनुसंधान को बढ़ावा देकर भारत रोजगार और उच्च तकनीक के नए अवसर भी पैदा कर सकता है।

छठी शक्ति ग्रीन इकोनॉमी और ब्लू इकोनॉमी है। विकास की दौड़ में पर्यावरण की अनदेखी लंबे समय में गंभीर संकट पैदा कर सकती है। इसलिए आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। हरित ऊर्जा, जल संरक्षण, समुद्री संसाधनों के बेहतर उपयोग और टिकाऊ विकास को आर्थिक नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाना होगा। सप्तधारा की सातवीं शक्ति देश की साफ्ट पावर है। भारत की संस्कृति, योग, अध्यात्म, लोकतांत्रिक परंपराएं, ज्ञान-विज्ञान और विविधता दुनिया में उसकी विशिष्ट पहचान हैं। इन शक्तियों का प्रभावी उपयोग भारत को विश्व पटल पर आर्थिक और सामरिक शक्ति के साथ सांस्कृतिक एवं नैतिक शक्ति के रूप में भी स्थापित कर सकता है।

इन सातों शक्तियों का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब विकास में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो। विकास कुछ क्षेत्रों और वर्गों तक सीमित रहा तो असमानता की समस्या बनी रहेगी। इसलिए योजनाओं का लक्ष्य केवल आंकड़ों में उपलब्धि दर्ज करना नहीं, बल्कि आम नागरिक के जीवन में ठोस बदलाव लाना होना चाहिए।

### दो टूक




# मुख्य न्यायाधीश का विरोध : संवैधानिक अभिव्यक्ति या असहमति की असहिष्णुता?


डॉ. अनिल मिश्र

प्राचीन यूनान के शास्त्रीय युग, जिसे एथेंस का स्वर्णयुग भी कहा जाता है, के प्रसिद्ध दार्शनिक सुकरात ने ईसा से लगभग चार शताब्दी पूर्व कहा था– न्यायाधीश में चार गुण होने चाहिए–विनम्रतापूर्वक सुनना, विवेकपूर्वक उत्तर देना, गंभीरतापूर्वक विचार करना और निष्पक्षतापूर्वक निर्णय देना। लगभग ढाई सहस्राब्दी बाद भी न्याय की इससे अधिक सरल और सारगर्भित कसौटी शायद ही कोई हो। न्याय केवल निर्णय नहीं, एक संस्कार है। उसकी विश्वसनीयता न्यायाधीश के विधिक ज्ञान से जितनी बनती है, उतनी ही उसकी भाषा, धैर्य, विवेक और निष्पक्षता से भी। संवैधानिक पद से उच्चारित न्यायाधीश का प्रत्येक शब्द निजी प्रतिक्रिया नहीं रह जाता; उसे न्यायपालिका की संस्थागत वाणी समझा जाने लगता है। इसीलिए नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद के विद्यार्थियों द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत को दीक्षांत समारोह का मुख्य अतिथि बनाए जाने का विरोध केवल परिसर का विवाद नहीं रहा। यह भावी अधिवक्ताओं की संवैधानिक समझ, विश्वविद्यालय की स्वायत्तता, न्यायपालिका की गरिमा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता–चारों की एक साथ परीक्षा बन गया। इस विवाद में पहले असहमति सामने आई, फिर बार काउंसिल ऑफ इंडिया की कठोर प्रतिक्रिया आई और अंततः स्वयं मुख्य न्यायाधीश ने हस्तक्षेप कर कहा कि विद्यार्थियों को विरोध करने का अधिकार है तथा उनके और विद्यार्थियों के संवाद-विवाद के बीच बार काउंसिल को नहीं आना चाहिए। यही नवीन घटनाक्रम इस विवाद को टकराव से संवाद और दंड से संवैधानिक विवेक की ओर ले जाता है।

**विरोध किया गया, प्रवेश नहीं रोका गया:–** किसी निष्कर्ष से पहले तथ्य और शब्द–दोनों की शुद्धता आवश्यक है। नालसार के विद्यार्थियों ने मुख्य न्यायाधीश को बलपूर्वक विश्वविद्यालय आने से नहीं रोका। उन्होंने प्रशासन को प्रतिवेदन देकर उन्हें मुख्य अतिथि बनाए जाने पर पुनर्विचार की माँग की। उनका प्रमुख आक्षेप दिल्ली के चलो संसद प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस कार्रवाई से संबंधित न्यायिक प्रसंग में मुख्य न्यायाधीश के कथित रुख तथा उनकी पूर्व की चर्चित कॉकरोच टिप्पणी पर था। इसलिए यह कहना कि विद्यार्थियों ने मुख्य न्यायाधीश को आने से रोक दिया, तथ्यतः अतिरंजित होगा। सही कथन यह है कि विद्यार्थियों के एक वर्ग ने उन्हें आमंत्रित किए जाने का विरोध किया। विश्वविद्यालय ने आमंत्रण बरकरार रखा, मुख्य न्यायाधीश ने उसे स्वीकार किया और छात्रों ने भी बाद में स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य समारोह बाधित करना अथवा निमंत्रण रद्द कराना नहीं, अपनी असहमति दर्ज कराना है। विरोध करने और आने से रोकने के बीच यही अंतर इस विवाद की संवैधानिक समीक्षा का आधार है।

**विरोध का अधिकार है—वीटो का नहीं:–** स्वतंत्रता हमेशा असहमति रखने वाले की स्वतंत्रता होती है। रोज़ा लक्ज़मबर्ग की यह उक्ति लोकतंत्र का मूल स्वभाव व्यक्त करती है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(a) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा अनुच्छेद 19(1)(b) शांतिपूर्वक और निरस्त्र सभा करने का अधिकार देता है। विद्यार्थी भी नागरिक हैं। उन्हें सरकार, विश्वविद्यालय, न्यायपालिका, न्यायिक निर्णयों और न्यायाधीशों की टिप्पणियों की आलोचना करने का अधिकार है। वे प्रतिवेदन दे सकते हैं, प्रश्न पूछ सकते हैं, काली पट्टी बाँध सकते हैं, शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर सकते हैं और समारोह का स्वैच्छिक बहिष्कार भी कर सकते हैं। भारत का मुख्य न्यायाधीश भी सर्वोच्च संवैधानिक पदाधिकारी अवश्य है, किंतु संविधान से ऊपर नहीं और सार्वजनिक समीक्षा से परे भी नहीं।

जॉन स्टुअर्ट मिल ने ऑन लिबर्टी में लिखा था– यदि सम्पूर्ण मानवजाति एक मत पर हो और केवल एक व्यक्ति विपरीत मत रखता हो, तब भी मानवजाति को उस व्यक्ति को मौन कराने का उतना ही अधिकार नहीं है, जितना उस व्यक्ति को शक्ति मिलने पर सम्पूर्ण मानवजाति को मौन कराने का। यह सिद्धांत विद्यार्थियों के अभिव्यक्ति- अधिकार की रक्षा करता है, लेकिन उसी शक्ति से मुख्य न्यायाधीश के बोलने और दूसरे विद्यार्थियों के उन्हें सुनने के अधिकार की भी रक्षा करता है। विद्यार्थियों को यह कहने का अधिकार है कि हम न्यायमूर्ति सूर्यकांत को उपयुक्त मुख्य अतिथि नहीं मानते; लेकिन उन्हें यह अधिकार नहीं कि चूँकि हम असहमत हैं, इसलिए विश्वविद्यालय उन्हें बुला ही नहीं



सकता अथवा हम उन्हें बोलने नहीं देंगे।

उन्हें असहमति का अधिकार है पर संस्थागत निर्णय पर वीटो का नहीं। विरोध का अधिकार है पर प्रवेश रोकने और कार्यक्रम बाधित करने का नहीं। कोई विद्यार्थी समारोह में न जाने का निर्णय करे तो यह उसकी स्वतंत्रता है; किंतु यदि वह दूसरों को जाने अथवा अतिथि को सुनने से रोकता है, तो वह अपने अधिकार को दूसरे के अधिकार पर आक्रमण में बदल देता है। कानून के विद्यार्थियों से विशेष रूप से यह अपेक्षा है कि वे आलोचना और अवरोध तथा असहमति और निषेध के बीच अंतर समझें।

**कॉकरोच टिप्पणी : आपत्तिजनक भाषा, लेकिन विकृत संदर्भ भी:–** 15 मई 2026 को सर्वोच्च न्यायालय में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता नामित न किए जाने और पदनाम-प्रक्रिया को चुनौती देने से संबंधित प्रकरण की सुनवाई हो रही थी। इसी दौरान मुख्य न्यायाधीश ने संस्थाओं पर आधारहीन आक्रमण करने वाले कुछ तत्वों के लिए पैरासाइट्स तथा कुछ युवाओं के लिए कॉकरोच जैसा कठोर उपमान प्रयोग किया। उसी न्यायिक संवाद में उन्होंने कुछ अधिवक्ताओं की विधि- उपाधियों की प्रामाणिकता पर संदेह व्यक्त करते हुए फर्जी एलएलबी डिग्रियों की जाँच की आवश्यकता भी बताई थी।

कॉकरोच और पैरासाइट जैसी अमानवीय शब्दावली–चाहे उसका लक्ष्य कितना ही सीमित और संदिग्ध वर्ग क्यों न हो–सर्वोच्च न्यायिक पद की अपेक्षित भाषा के अनुरूप नहीं कही जा सकती। अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति फेलिक्स फ्रैंकफर्टर ने Offutt 1. United States, 348 U.S. 11 (1954) में कहा था– न्याय को न्यायपूर्ण दिखाई देने की कसौटी पर भी खरा उतरना चाहिए। उस निर्णय का केंद्रीय भाव था कि उकसावे के बावजूद न्यायाधीश को व्यक्तिगत क्रोध अथवा निजी आक्रोश की भाषा में प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। ब्रिटिश लेखक, दार्शनिक और राजनेता फ्रांसिस बेकन ने ऑफ़ जुडिकेचर में लिखा था- न्यायाधीशों को चतुराई से अधिक विद्वान, लोकप्रियता से अधिक गरिमापूर्ण और आत्मविश्वास से अधिक विवेकशील होना चाहिए। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में न्यायाधीशों (जिन्हें धर्मस्थ कहा गया है) के लिए कठोर आचरण, निष्पक्षता और उच्च नैतिक मानदंडों का निर्देश दिया है, जिसके तहत उन्हें क्रोध, लोभ या पक्षपात से मुक्त रहकर सत्य और धर्म के आधार पर न्याय करना अनिवार्य था। इन कसौटियों पर कॉकरोच टिप्पणी न्यायिक संयम से कमतर दिखाई देती है। उसकी शालीन, स्पष्ट और तथ्यपूर्ण आलोचना न्यायपालिका की प्रतिष्ठा के विरुद्ध नहीं, बल्कि उसके हित में है। लेकिन आलोचना भी पूरे तथ्य पर होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने अगले दिन स्पष्ट किया कि उनका कथन देश के समस्त बेरोजगार युवाओं, पत्रकारों, सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं अथवा आरटीआई कार्यकर्ताओं के विरुद्ध नहीं था। उनके अनुसार संकेत उन लोगों की ओर था जो फर्जी या जाली उपाधियों के सहारे विधि तथा अन्य प्रतिष्ठित पेशों में प्रवेश करते हैं। उन्होंने भारतीय युवाओं को विकसित भारत का आधार- स्तंभ भी बताया। अतः निष्पक्ष निष्कर्ष दोहरा है– पहला, मूल टिप्पणी की शब्दावली अनुचित और आलोचना योग्य थी। दूसरा, उसे इस रूप में प्रचारित करना कि ÷भारत के मुख्य न्यायाधीश ने देश के सभी बेरोजगार युवाओं, पत्रकारों और आरटीआई कार्यकर्ताओं को कॉकरोच कहा, अधूरा और भ्रामक था। न्यायाधीश के असंयत शब्दों को उचित ठहराना सत्यनिष्ठा नहीं; लेकिन उनके कथन को संदर्भ से काटकर अधिक व्यापक और विस्फोटक अर्थ देना भी सत्यनिष्ठा नहीं है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# तालिबान अब कूटनीतिक राह पर

नीरज कुमार दुबे

अगस्त 2021 को अमेरिकी नेतृत्व वाली नाटो सेनाओं की वापसी के बाद तालिबान ने काबुल पर कब्जा किया था। उस समय दुनिया के सामने एक ऐसे संगठन की तस्वीर थी, जो बंदूक के बल पर सत्ता हासिल करने के बाद अंतरराष्ट्रीय अलगाव का सामना कर रहा था। पांच साल बाद तस्वीर काफी हद तक बदल चुकी है। तालिबान को भले ही व्यापक अंतरराष्ट्रीय औपचारिक मान्यता नहीं मिली हो, लेकिन दुनिया के अनेक देश अब उसके साथ संवाद कर रहे हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार, आतंकवाद, मानवीय सहायता और मध्य एशिया तक संपर्क जैसे सवालों पर तालिबान को नजरअंदाज करना आसान नहीं रह गया है।

तालिबान की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि उसने सत्ता पर अपने नियंत्रण को धीरे-धीरे कूटनीतिक प्रभाव में बदलने की कोशिश की है। जिस संगठन को कभी केवल विद्रोही ताकत के रूप में देखा जाता था, उसके प्रतिनिधि आज कई देशों के साथ बातचीत की मेज पर दिखाई देते हैं। यह बदलाव तालिबान की वैचारिक स्वीकार्यता का प्रमाण नहीं है, बल्कि बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों की मजबूरी है। भारत के संदर्भ में यह बदलाव और अधिक महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली ने तालिबान सरकार को औपचारिक मान्यता नहीं दी है, लेकिन उसके साथ व्यावहारिक संबंध बनाए रखे हैं। अफगानिस्तान में भारतीय हित केवल वर्तमान सत्ता से जुड़े नहीं हैं। भारत के अफगानिस्तान के साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध रहे हैं। इसलिए वहां की राजनीतिक वास्तविकता से पूरी तरह दूरी बनाना भारत के रणनीतिक हित में नहीं हो सकता। पांच वर्षों में तालिबान शासन ने अफगानिस्तान की राजनीतिक तस्वीर जरूर बदल दी, लेकिन आम अफगान नागरिक के जीवन में व्यापक सुधार का दावा करना कठिन है। देश आर्थिक संकट, बेरोजगारी, गरीबी और मानवीय चुनौतियों से जूझ रहा है। बड़ी आबादी अब भी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रही है। विदेशी सहायता पर निर्भरता, कमजोर अर्थव्यवस्था और सीमित निवेश ने विकास की संभावनाओं को बाधित किया है। इसके बावजूद कुछ क्षेत्रों में तालिबान प्रशासन ने सुधार का दावा किया है। कर संग्रह की व्यवस्था में सुधार हुआ है, भ्रष्टाचार के कुछ पुराने स्वरूपों पर अंकुश लगा है और देश के कई हिस्सों में पहले की तुलना में हिंसा कम हुई है। लेकिन इन उपलब्धियों के साथ मानवाधिकारों के उल्लंघन, मनमानी गिरफ्तारियों, जबरन गुमशुदगी और राजनीतिक दमन की शिकायतें भी बनी हुई हैं। यही तालिबान शासन की सबसे बड़ी विरोधाभासी तस्वीर है। एक ओर वह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ संबंध सुधारने की कोशिश करता है, दूसरी ओर अपने नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों पर कठोर प्रतिबंध लगाता है। तालिबान ने पांच वर्षों में यह समझ लिया है कि अफगानिस्तान की भौगोलिक स्थिति उसकी सबसे बड़ी रणनीतिक ताकत है। मध्य एशिया, दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया के बीच स्थित अफगानिस्तान व्यापारिक गलियारों और क्षेत्रीय संपर्क के लिए महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि चीन सहित कई पड़ोसी और क्षेत्रीय देश वहां की आर्थिक संभावनाओं में रुचि दिखा रहे हैं। अफगानिस्तान के प्राकृतिक संसाधन भी उसे आकर्षक बनाते हैं। खनन, सीमा-पार व्यापार, परिवहन और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश की संभावनाएं हैं। मध्य एशियाई देशों के लिए अफगानिस्तान समुद्र तक पहुंच और नए व्यापारिक मार्गों की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो सकता है। तालिबान की कूटनीतिक रणनीति का मूल संदेश यही दिखाई देता है कि उसे पसंद किया जाए या नहीं, लेकिन अफगानिस्तान की भौगोलिक और रणनीतिक वास्तविकता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उसने विचारधारा के साथ भूगोल को भी अपनी कूटनीति का आधार बनाया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तालिबान की औपचारिक स्थिति अब भी जटिल है। रूस ने तालिबान सरकार को औपचारिक मान्यता दी है, जबकि कई अन्य देश औपचारिक मान्यता से दूरी बनाए रखते हुए व्यावहारिक संपर्क कर रहे हैं। चीन, जापान, तुर्किये, सऊदी अरब और ब्रिटेन सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों का काबुल के साथ संपर्क बना हुआ है। यहां एक महत्वपूर्ण अंतर समझना होगा। किसी सरकार को मान्यता देना और उसके साथ व्यवहारिक संबंध रखना अलग-अलग बातें हैं। दुनिया के कई देश तालिबान की नीतियों से असहमत हैं, लेकिन अफगानिस्तान में वास्तविक सत्ता उसके हाथ में होने के कारण उससे संवाद बनाए रखना जरूरी समझते हैं। समय भी तालिबान के पक्ष में काम करता दिखाई दे रहा है। सत्ता संभाले पांच वर्ष बीत चुके हैं। अफगानिस्तान में कोई वैकल्पिक सत्ता केंद्र ऐसा नहीं है जो निकट भविष्य में तालिबान को हटाने की स्थिति में दिखाई देता हो। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने व्यावहारिक सवाल यह है कि तालिबान को स्वीकार किए बिना उसके साथ कैसे व्यवहार किया जाए। तालिबान शासन के पांच वर्षों का सबसे बड़ा भू-राजनीतिक बदलाव पाकिस्तान के संदर्भ में सामने आया है। पाकिस्तान को लंबे समय तक तालिबान का संरक्षक और रणनीतिक सहयोगी माना जाता रहा। इस्लामाबाद को उम्मीद थी कि काबुल में तालिबान की वापसी से उसे अफगानिस्तान में मजबूत रणनीतिक बढ़त मिलेगी। लेकिन यह उम्मीद पूरी तरह सही साबित नहीं हुई। तालिबान ने पाकिस्तान से अपने संबंधों में दूरी दिखाई और सीमा विवाद तथा अफगान संप्रभुता के मुद्दों पर इस्लामाबाद से टकराने में भी संकोच नहीं किया। दोनों देशों के बीच तनाव इतना बढ़ा कि क्षेत्रीय शक्तियों को मध्यस्थता की कोशिश करनी पड़ी। पाकिस्तान के लिए यह स्थिति इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि जिस काबुल को वह अपनी रणनीतिक गहराई मानता था, वही अब अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और सुरक्षा हितों को लेकर उसके सामने खड़ा दिखाई दे रहा है। तालिबान ने यह संकेत दे दिया है कि वह किसी एक देश की कठपुतली बनकर शासन नहीं करना चाहता। भारत ने तालिबान की वापसी के बाद भी अफगानिस्तान से अपने संबंध पूरी तरह समाप्त नहीं किए। नई दिल्ली ने व्यावहारिक कूटनीति का रास्ता अपनाया।

भारत की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं। अफगानिस्तान में मानवीय सहायता जारी रखना, आतंकवाद के खतरे पर नजर रखना, अपने नागरिकों और हितों की सुरक्षा करना तथा क्षेत्रीय संपर्क और व्यापार की संभावनाओं को बनाए रखना इनमें प्रमुख हैं। भारत ने अफगानिस्तान के विभिन्न हिस्सों में लंबे समय तक विकास परियोजनाओं में योगदान दिया है। बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और क्षमता निर्माण से जुड़ी परियोजनाओं ने अफगान समाज में भारत की सकारात्मक छवि बनाई है। इसलिए तालिबान के साथ संवाद भारत के लिए केवल सामरिक आवश्यकता नहीं, बल्कि पुराने संबंधों को बनाए रखने का भी माध्यम है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


बिंदेश कुमार झा

## विदेशी शहर

इमारतें ऊंची हैं,
पर उतनी नहीं है,
जितनी मेरी पतंग ने देखी है,
गेंद जितनी ऊंची फेंकी है।

रफ्तार तेज है गाड़ियों की,
घंटे का सफर मिनट में,
मैंने दिनों का सफर किया तय,
अपनों के साथ वो गुजरता समय।

लोगों की भीड़ है,
आसमान भी साफ नहीं,
फिर भी अकेला हूं यहां,
अकेले हो भी अकेला न था वहां।

कीमतें तय हैं,
मशीन दुकान का मालिक है,
मोल भाव किससे करूं,
बचे पैसे का क्या मिठाई लूं।

फूल तो बहुत है,
सुगंध नहीं है कहीं भी,
जड़ें कैद हैं गमले की दीवारों में,
और हम कल्पना और विचारों में।



# पर्वों के माध्यम से प्रकृति का आभार व्यक्त करती है भारतीय संस्कृति

योगेश कुमार गोयल

भारतीय संस्कृति की सबसे विशिष्ट विशेषताओं में एक यह है कि यहां प्रकृति को केवल संसाधन नहीं बल्कि जीवन का अभिन्न और पूजनीय अंग माना गया है। नदियों, पर्वतों, वृक्षों, पशु-पक्षियों और यहां तक कि धरती के भीतर रहने वाले जीवों के प्रति भी श्रद्धा व्यक्त करने की परंपरा रही है। इसी व्यापक प्रकृति-दृष्टि का विशिष्ट पर्व है नाग पंचमी। इस साल नाग पंचमी 17 अगस्त को श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को है।

यह पर्व नागों के प्रति धार्मिक आस्था व्यक्त करने के साथ-साथ मनुष्य और वन्यजीवों के बीच सह-अस्तित्व की भारतीय अवधारणा को भी सामने लाता है। हिंदू धार्मिक परंपरा में नागों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। भगवान शिव के गले में सुशोभित नाग हों, भगवान विष्णु की शेषनाग पर विराजमान दिव्य छवि हो अथवा समुद्र मंथन में वासुकि नाग की भूमिका, भारतीय पौराणिक आख्यानों में नाग बार-बार शक्ति, संरक्षण, रहस्य, अनंतता और प्रकृति की अदृश्य ऊर्जा के प्रतीक के रूप में सामने आते हैं।

यही कारण है कि नाग पंचमी पर नाग देवताओं की पूजा का विशेष विधान बताया गया है। कहीं नागों की प्रतिमाओं पर हल्दी, कुमकुम, अक्षत और पुष्प अर्पित किए जाते हैं तो कहीं मिट्टी अथवा कुश से नाग की आकृति बनाकर उसका पूजन किया जाता है। अलग-अलग क्षेत्रों में अनुष्ठानों की विधियां भिन्न हो सकती हैं लेकिन श्रद्धा का भाव लगभग समान है।

नाग पूजा की परंपरा कितनी प्राचीन है, इसका संकेत अनेक पौराणिक ग्रंथों और लोककथाओं में मिलता है। नागवंश की उत्पत्ति का संबंध महर्षि कश्यप और उनकी पत्नी कद्रू से जोड़ा गया है। नागों को पाताल लोक का निवासी बताया गया है। इसे आधुनिक भौगोलिक अवधारणा के रूप में देखने के बजाय प्राचीन भारतीय ब्रह्मांड-कल्पना के संदर्भ में समझना अधिक उचित है।

इन आख्यानों में नाग केवल भय उत्पन्न करने वाले जीव नहीं हैं बल्कि वे प्रकृति की ऐसी शक्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें मनुष्य पूरी तरह नियंत्रित नहीं कर सकता और जिनके साथ संतुलन बनाकर रहना आवश्यक है। नाग पंचमी की विशेषता केवल इतनी नहीं है कि इसमें नागों की पूजा की जाती है। इसकी सबसे बड़ी सांस्कृतिक विशेषता यह है कि यह मनुष्य को उस जीव के प्रति भी सम्मान करना सिखाती है, जिससे वह स्वाभाविक रूप से भयभीत रहता है। सांप को देखकर मनुष्य की पहली प्रतिक्रिया अकसर डर होती है लेकिन भारतीय परंपरा ने इसी भय को श्रद्धा में बदलने का प्रयास किया। नाग को देवता मानने की परंपरा इस विचार को मजबूत करती है कि प्रकृति में प्रत्येक जीव का अपना महत्व है और मनुष्य को अपनी सुरक्षा के साथ-साथ अन्य जीवों के अस्तित्व का भी सम्मान करना चाहिए।

भारत के विभिन्न हिस्सों में नागों को केवल पौराणिक पात्र के रूप में नहीं बल्कि कुलदेवता, ग्राम देवता, क्षेत्रपाल और स्थान देवता के रूप में भी पूजा जाता रहा है। अनेक स्थानों के नाम भी नाग परंपरा से जुड़े दिखाई देते हैं। अनंतनाग, शेषनाग, नागपुर, नागालैंड और भागसूनाग जैसे नाम भारतीय सांस्कृतिक स्मृति में नागों की गहरी उपस्थिति की ओर संकेत करते हैं।

इस पर्व का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष इसका पर्यावरणीय महत्व है। आधुनिक विज्ञान ने यह स्पष्ट किया है कि सांप पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण घटक हैं। खेतों और ग्रामीण क्षेत्रों में पाए जाने वाले अनेक सांप, चूहों तथा अन्य कृंतकों को खाते हैं। चूहे फसलों, अनाज और खाद्य भंडार को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में सांप प्राकृतिक रूप से उनकी संख्या नियंत्रित करने में योगदान देते हैं। खाद्य- श्रृंखला में उनकी भूमिका जैविक संतुलन बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।




सांपों की किसी प्रजाति के समाप्त होने का प्रभाव केवल उसी प्रजाति तक सीमित नहीं रहता बल्कि पूरे पारिस्थितिक तंत्र पर पड़ सकता है। दुर्भाग्य से नाग पंचमी की आस्था का लाभ उठाकर कुछ स्थानों पर सांपों को पकड़कर प्रदर्शित करने, उन्हें कैद रखने अथवा दूध पिलाने जैसी प्रथाएं भी देखने को मिलती हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से सांपों को दूध पिलाना उनके प्राकृतिक व्यवहार का हिस्सा नहीं है। सांपों का शरीर दूध के लिए अनुकूलित नहीं होता और जबरन दूध पिलाना उनके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हो सकता है। इसी प्रकार लंबे समय तक सांपों को कैद रखना, उन्हें शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना या उनके प्राकृतिक आवास से निकालकर धार्मिक प्रदर्शन का साधन बनाना संरक्षण की भावना के विपरीत है। आस्था का सम्मान तभी सार्थक है, जब उसके नाम पर किसी जीव को पीड़ा न पहुंचाई जाए। सांपों की अनेक प्रजातियों को अवैध शिकार, आवासीय क्षेत्र में कमी, सड़क दुर्घटनाओं और मानव-सांप संघर्ष जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनकी खाल और अन्य जैविक उत्पादों के अवैध व्यापार ने भी कई प्रजातियों के सामने संकट खड़ा किया है। इसलिए नाग पंचमी को वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता का अवसर बनाया जाना चाहिए। लोगों को यह समझाना आवश्यक है कि प्रत्येक सांप विषैला नहीं होता और अधिकांश सांप मनुष्य से दूरी बनाए रखना ही पसंद करते हैं। घर या बस्ती में सांप दिखाई देने पर उसे मारने के बजाय प्रशिक्षित वन्यजीव बचाव दल की सहायता लेना अधिक सुरक्षित और जिम्मेदार व्यवहार है। सर्पदंश से बचाव और उसके उपचार के संबंध में भी वैज्ञानिक जागरुकता बेहद जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कई बार सर्पदंश के बाद झाड़-फूंक या पारंपरिक उपचार पर निर्भरता देखी जाती है, जिससे उपचार में देरी हो सकती है।

सर्पदंश की स्थिति में तत्काल चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करना जीवनरक्षक कदम हो सकता है। नाग पंचमी जैसे व्यापक जनसरोकार वाले पर्व को इस प्रकार की स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी जागरूकता से जोड़ना समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। वास्तव में नाग पंचमी हमें केवल नागों की पूजा करने का अवसर नहीं देती बल्कि यह प्रश्न भी सामने रखती है कि प्रकृति के साथ हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए। यदि हम नाग देवता के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हैं, लेकिन वास्तविक सांपों को उनके आवास से निकालकर कष्ट पहुंचाते हैं तो हमारी आस्था का उद्देश्य अधूरा रह जाता है।

नागों के प्रति सच्चा सम्मान उन्हें सुरक्षित रहने देना, उनके आवासों की रक्षा करना और उनके प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है। नाग पंचमी भारतीय संस्कृति की उस जीवन-दृष्टि का पर्व है, जिसमें मनुष्य स्वयं को प्रकृति का स्वामी नहीं बल्कि उसका एक हिस्सा मानता है। पौराणिक आस्था और आधुनिक विज्ञान के बीच संवाद स्थापित करते हुए यह पर्व हमें सिखा सकता है कि श्रद्धा तभी सार्थक है, जब वह संरक्षण में बदल जाए।

नागों के प्रति सम्मान का अर्थ उनके जीवन और प्राकृतिक आवास की रक्षा करना है। यदि नाग पंचमी की धार्मिक चेतना जैव-विविधता संरक्षण, वन्यजीव करुणा और वैज्ञानिक जागरुकता से जुड़ जाए तो यह पर्व केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं रहेगा बल्कि मनुष्य और प्रकृति के बीच संतुलित सह-अस्तित्व का प्रभावशाली संदेश बन जाएगा। यही इस प्राचीन पर्व की आधुनिक प्रासंगिकता और इसकी सबसे बड़ी सार्थकता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन, कृष्णजन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं!

स्वतंतता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

## पदम पैथालाजी

कम्प्यूटराइज्ड लैब

'कम्प्यूटरीकृति सेलेकाउण्टर द्वारा हीमाग्राम, प्लेटलेट्स एवं सी.बी.सी. की जांच
'आटो एनालाइजर द्वारा समस्त बायोकेमिस्ट्री जांच
'हजिलाइट एनालाइजर द्वारा इलेक्ट्रोलाइट की जांच
'हार्मोन्स एवं अन्य प्रकार का टेस्ट कराने की सुविधा

राजा बहादुर पार्क बैंक आफ बड़ौदा गली में प्रतापगढ उ.प्र.

मो.-05342 227193, 9889538572, 9415350592

स्वतंतता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

## निधि मेडिकल एजेंसी

जिला अस्पताल के सामने राजा प्रताप बहादुर पार्क प्रतापगढ़






























# आन-बान-शान से फहरा तिरंगा बलिदानियों को किया नमन

## हर्षोल्लास से मनाया आजादी का पर्व

**समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद।**

स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ पर कस्बे समेत आसपास के क्षेत्रों में आजादी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, राजनीतिक दलों के कार्यालयों, स्कूल-कॉलेजों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में आन-बान-शान से तिरंगा फहराया गया।

ब्लॉक क्षेत्र के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम में प्रधानाध्यापिका रेनू कमल, डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य हेमेंद्र सिंह, लिली कोल्ड स्टोरेज में पुष्कर पटेल, कृषि विज्ञान केंद्र में अध्यक्ष वीके कनौजिया, जेंवा टोल प्लाजा पर टोल मैनेजर अम्बरीस गौतम, जवाहर नवोदय विद्यालय में प्राचार्य एसके पांडेय तथा अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह यादव, अजय पाल, महाविद्यालय के निदेशक राजीव कुमार यादव, उपनिदेशक डॉ. अभिषेक शेखर तथा प्राचार्य डॉ. हरिओम प्रजापति सहित गणमान्य लोग रहे। इस दौरान अमर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया गया।

विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम और तिरंगा यात्राएं निकाली गई।



### नशे से दूर रहें युवा, विकसित भारत के निर्माण में दें योगदान

ब्लॉक क्षेत्र के डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी में रविवार को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इतिहास विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं चीफ प्रॉक्टर डॉ. संजय कुमार सिंह ने युवाओं से नशे से दूर रहकर योग और ध्यान को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से सशक्त युवा ही विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

### तिरंगे की शान में गूंजा देशभक्ति का संदेश, विद्यालयों में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, समधन।** शनिवार को 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्र के विद्यालयों में राष्ट्रभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज तेराजाकेट में सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद विद्यालय परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, कविताएं एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय की संस्थापिका ज्ञान प्रभा एवं प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने ध्वजारोहण कर छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देश के प्रति कर्तव्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भारत माता की जय तथा वंदे मातरम् के नारों से विद्यालय परिसर गूंज उठा। वहीं बी.जे.पी. हायर सेकेंडरी स्कूल, पलटेपुरवा रसूलपुर में भी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# साइबर सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य पर राजकीय महाविद्यालय सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद।**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में क्षेत्र के डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर एवं आईआईटी कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में संचालित साइबर सिक्योरिटी वोकेशनल कोर्स में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस पाठ्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र सिंह विश्वविद्यालय साइबर सिक्योरिटी पाठ्यक्रम के जिला समन्वयक के रूप में जनपद के विभिन्न डिग्री कॉलेजों में पाठ्यक्रम का प्रभावी संचालन करा रहे हैं।

समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक तथा आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने डॉ. हेमेंद्र सिंह और डॉ. नागेंद्र सिंह को सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।


**श्री रतन सिंह मेमोरियल महाविद्यालय भूड़ा मैनारी पुवायाँ शाहजहांपुर**

**(आवश्यकता है स्नातक स्तर)**

**कला संकाय के अंतर्गत-** हिंदी, अंग्रेजी, शिक्षा शास्त्र, इतिहास, समाज शास्त्र, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र

**कृषि विज्ञान संकाय के अंतर्गत-** एग्रोनॉमी, मृदा विज्ञान, उद्यान विज्ञान, आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विज्ञान, कृषि प्रसार विज्ञान, कृषि अर्थशास्त्र, कृषि अभियंत्रण, कृषि पशु पालन विज्ञान, कृषि कीट विज्ञान, कृषि पादप रोग विज्ञान, कृषि सांख्यिकी

**विज्ञान संकाय के अंतर्गत-** जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान गणित।

**परास्नातक स्तर के अंतर्गत-** अंग्रेजी, समाज शास्त्र, गृह विज्ञान, शिक्षा शास्त्र

**सभी विषय में एक एक पद**

**योग्यता व वेतन-यूजीसी/ विश्वविद्यालय के नियमानुसार**

**आवेदक की प्रक्रिया-** इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी डॉक्यूमेंट्स लेकर कॉलेज में 15 दिन के अंदर संपर्क करे।

**संपर्क सूत्र- 9990745119, 8317089702, 7800400015**








# कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद

**पत्रांकः-678/ओ0एस0/2026-27** **दिनांकः 14 अगस्त, 2026**

**-: अपील-**

## स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद समस्त नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन एवं निम्नलिखित अपील करती है किः-

- स्वच्छ भारत मिशन के अनतर्गत नगर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें तथा सरकारी एवं निजी सम्पत्तियों पर पोस्टर आदि लगाकर गंदा न करें।
- नगर के विकास हेतु समय पर ग्रहकर/जलकर जमा करें।
- गीला कूड़ा एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्र कर एवं पालिका द्वारा चलाये जा रहे डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु चलाये जा रहे वाहनों में ही डालें तथा सड़क पर इधर उधर न फेंके।
- प्रतिबन्धित पॉलीथीन का प्रयोग न करें एवं नगर को पॉलीथीन मुक्त करने में अपना सहयोग प्रदान करें एवं उपयोग/भण्डारण पर रू0 25,000/-(रूपये पच्चीस हजार मात्र) तक जुर्माने का प्रावधान है।
- जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु समय (21 दिन में) से आवेदन दर्ज करायें।
- नगर के प्रमुख तिराहों-चौराहों से 50 मीटर की दूरी तक नॉन वेन्डिंग जोन एवं नो पार्किंग जोन का नियम है जिसका पालन न करने की दशा में दण्ड का प्रावधान है।
- नगर के समस्त दुकानदारों से अपील है कि मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार नगर के फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त रखें।
- नगर के समस्त ठेले/खोमचे विक्रेताओं से अनुरोध है कि एक जगह पर खड़े होकर बिक्री न करें, बल्कि भ्रमणशील रहकर बिक्री करें।
- नलों की टोटियाँ खुली न छोड़ें एवं नैतिक दायित्वों का निर्वहन करें।
- अपने पालतू जानवरों को सड़क पर खुला न छोड़ें।









**(विनोद कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**फर्रुखाबाद।**

**(वत्सला अग्रवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**फर्रुखाबाद।**




## सूचना

मेरे डीएल नंबर P44 20140002029 में मेरा नाम गलती से कमल पाठक लिखा है। जबकि मेरा सही नाम कमल कुमार पाठक है। **कमल कुमार पाठक पुत्र राजित राम पाठक निवासी पठकापुर प्रतापपुर सुल्तानपुर**

## सूचना

मेरा यू.पी. बोर्ड हाईस्कूल वर्ष-2022 अनुक्रमांक 1222427731 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **दिनेश कुमार वर्मा पिता-पुजारी, ग्राम-हन्नहिया दुधरा, पोस्ट-गैड़ास बुजुर्ग उतरौला, जनपद-बलरामपुर**

## सूचना

मैं शिवम जायसवाल पुत्र विजय कुमार जायसवाल निवासी 461 राहुल चौराहा, गांधीनगर, सुल्तानपुर। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिवास मेरी जन्मतिथि 04/07/1996 अंकित हो गई है, जबकि अन्य सरकारी दस्तावेजों में 10/06/1996 दर्ज है । जो सही है। **शिवम जायसवाल, 461 राहुल चौराहा गांधी नगर, सुल्तानपुर**

## सूचना

मेरा यू.पी. बोर्ड हाईस्कूल वर्ष-2007 अनुक्रमांक-1969099 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **त्रिवेनी प्रसाद पिता-पट्टे राम, ग्राम धर्मपुर खजुरिया पो-खजुरिया, जनपद-बलरामपुर**

## सूचना

त्रुटिवस मेरे ड्राइविंग लाइसेंस और कुछ अभिलेखों में मेरा नाम राजू कुमार शर्मा पुत्र छोटेलाल शर्मा अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम राजू कुमार वर्मा पुत्र छोटेलाल है मुझे राजू कुमार वर्मा पुत्र छोटेलाल वर्मा के नाम से जाना पहचाना जाता है। **राजू कुमार वर्मा ग्राम बलसौना पतिपुर तहसील लंभुआ सुलतानपुर।**




## सूचना

मैने अपने पुत्र रमेश व उसकी पत्नी शिल्पा के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। उन दोनों द्वारा किये गए किसी भी कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **रेखा पत्नी सुरेश चंद्र निवासी पपड़ी खुर्द बुजुर्ग, थाना कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

## सूचना

मैंने अपने पुत्र का नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद से जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था। उसमें उसका नाम त्रुटिवश Achyut Mishra अंकित हो गया है। जबकि उसका सही नाम ओजस मिश्रा (OJAS Mishra) है। नगर पालिका परिषद अभिलेखों में पुत्र का सही नाम दर्ज कराने की कृपा करें और मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना पहचाना जाये।
**सोनी मिश्रा पत्नी अनुराग मिश्रा निवासी सधवाड़ा, तहसील सदर, फर्रुखाबाद**

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

# नफीस खां




अध्यक्ष नगर पंचायत
धौरहरा
जिला - लखीमपुर खीरी।



सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई







**कृष्ण मोहन तिवारी**
अध्यक्ष -अधिवक्ता संघ
तहसील धौरहरा

**विवेक श्रीवास्तव**
महामंत्री- लखीमपुर
खीरी

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

# जितेंद्र कुमार वर्मा

राजकीय कृषि बीज भंडार
धौरहरा जिला खीरी

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के शुभ अवसर पर क्षेत्र के सभी किसान भाइयों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य सभी सम्मानित नागरिकों को हार्दिक बधाई।

बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड, इकाई-हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

# बी.के. यादव

मुख्य महाप्रबन्धक

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

# रमेश कुमार



पूर्ति निरीक्षक
धौरहरा जिला
लखीमपुर -खीरी

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

# अशोक श्रीवास्तव



वन क्षेत्राधिकारी
धौरहरा
लखीमपुर
खीरी।

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

# संतोष कुमार



उपडाकपाल
धौरहरा
लखीमपुर खीरी।

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

# पंडित महेश गंभीर



राष्ट्रीय अध्यक्ष
शिक्षा संघर्ष
फाउंडेशन
लखीमपुर खीरी

## कार्यालय नगर पंचायत सहजनवां, जनपद-गोरखपुर




हम गर्व से कहें –
हम स्वतंत्र हैं, हम जिम्मेदार हैं,
हम स्वच्छ हैं, हम समर्थ हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सहजनवां

**स्वच्छता संदेश**

### स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2026 के अवसर पर नगर पंचायत सहजनवां का संकल्प–

1. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हम सब मिलकर अपने नगर को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने का संकल्प लें।
2. स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुँचाएं और अपने घर, मोहल्ले, विद्यालय व सार्वजनिक स्थलों की सफाई में सहयोग करें।
3. कचरा न फैलाएं, कचरा निर्धारित डस्टबिन में ही डालें और गीला-सुखा कचरा अलग करें।
4. प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।
5. जल संरक्षण करें – पानी की एक-एक बूंद अमूल्य है। इसका सदुपयोग करें और दूसरों को भी जागरूक करें।
6. हरियाली बढ़ाएं – पौधारोपण करें, पेड़ों की रक्षा करें और स्वच्छ वायु के लिए प्रयासरत रहें।
7. खुले में शौच न करें, स्वच्छ शौचालय का उपयोग करें और स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाएं।
8. नालों/नालियों की सफाई बनाए रखें, जल भराव न होने दें और मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचाव करें।
9. स्वच्छता ही सेवा – देशभक्ति का यह सच्चा कार्य है, आइए इसे जन आंदोलन बनाएं।
10. नगर पंचायत सहजनवां का लक्ष्य – स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और समृद्धि।
11. आइए! स्वतंत्रता दिवस पर हम सब यह प्रण लें कि अपने नगर को आदर्श, स्वच्छ और सुंदर नगर बनाएंगे।
12. मेरा घर, मेरा मोहल्ला, मेरा नगर – स्वच्छता की जिम्मेदारी हम सबकी साझी जिम्मेदारी।

मेरा भारत – स्वच्छ भारत | स्वस्थ भारत – विकसित भारत




## कार्यालय नगर पालिका परिषद पडरौना, जनपद-कुशीनगर




**नगर पालिका परिषद पडरौना की तरफ से**
**स्वतंत्रता दिवस, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व**
**गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं**



नगर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए नवनिर्मित कूड़ा निस्तारण केन्द्र।



अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत नये छठ घाटों का निर्माण।



जलकल परिसर में राहगीरों के लिए रैन बसेरा का निर्माण।



**महेन्द्र सिंह तंवर**
जिलाधिकारी, कुशीनगर



ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज पुस्तकालय।



सार्वजनिक स्थानों पर चबूतरों का निर्माण व कुआं का जीर्णोद्धार।



**वैभव मिश्रा**
अपर जिलाधिकारी
कुशीनगर



नपा कार्यालय के प्रथम तल पर रानी लक्ष्मीबाई निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र।



निराश्रित गौवंशों के लिए बनाया गौशाला।

**राजीव निगम**
उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी



**विनय जायसवाल** अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पडरौना

### सम्मानित सभासदगण




### सम्मानित मनोनित सभासदगण




## कार्यालय नगर पंचायत घघसरा बाजार, जनपद-गोरखपुर




### मा० सभासदगण:-




**स्वच्छता की नई पहल बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ**

**'स्वच्छ घघसरा, स्वस्थ घघसरा, सुन्दर घघसरा'**

न रहे प्लास्टिक, न खुले में शौच, स्वच्छ हो घघसरा, स्वस्थ होंगे सब लोग"

15 अगस्त 2026 'स्वतंत्रता दिवस' के अवसर पर समस्त नगर वासियों को

**नगर के विकास में आपका सहयोग अपेक्षित है-**

1. नगर में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियमावली 2026 से समस्त सम्बन्धित से अनुरोध है कि इसका अनुपालन सुनिश्चित करें।
2. प्रत्येक नगरवासी नगर के डोर टू डोर कलेक्शन वाहन में अपने अपशिष्ट को चार श्रेणियों में यथा वेट वेस्ट हरे, ड्राई वेस्ट नीले, सेनेटरी वेस्ट लाल एवं स्पेशल केयर वेस्ट काले डस्टबिन में पृथक्कीकृत कूड़ा ही डालें।
3. प्रत्येक नगरवासी गीले कूड़े का यथासम्भव होम कम्पोस्टिंग करें जिससे निर्मित खाद का उपयोग घर के गमलों आदि के लिए किया जा सकता है।
4. नागरिक अब घर बैठे ही सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु टोल फ्री नम्बर 14420 पर सम्पर्क करें।
5. पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करें, कूड़े को न जलायें।
6. प्रतिबन्धित पॉलीथीन का प्रयोग न करें। जूट, कागज व कपड़े के बने थैले का ही प्रयोग करें।
7. नागरिक अब घर बैठे ही अपनी शिकायतें / सुझाव टोल फ्री नम्बर 1533 पर दर्ज करा सकते हैं।
8. नगर पंचायत घघसरा बाजार सीमान्तर्गत हुये जन्म-मृत्यु का पंजीयन 21 दिन के अन्दर अवश्य करा लें।
9. सार्वजनिक भूमि, नाला-नाली, सड़क, पटरी आदि पर अतिक्रमण न करें तथा किये गये अतिक्रमण को एक माह के अन्दर स्वयं हटा लें, अन्यथा की दशा में निकाय द्वारा किये गये कार्यवाही के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे, जिसकी निकाय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
10. प्रत्येक अपशिष्ट उत्सर्जक स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कूड़ा प्रबन्धन हेतु नगर पंचायत का सहयोग करें उल्लंघन की दशा में उत्तर प्रदेश ठोस अपशिष्ट नियमावली 2026 के तहत कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे, जिसकी निकाय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।



**प्रभाकर दूबे**
अध्यक्ष
नगर पंचायत घघसरा बाजार गोरखपुर

# प्रमाण आधारित आयुर्वेदः चुनौतियां व अवसर विषय पर 10वें राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में विश्व आयुर्वेद परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 10वें राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य आगाज हुआ। प्रमाण आधारित आयुर्वेद चुनौतियाँ एवं अवसर विषय पर केंद्रित इस आयोजन के पहले दिन देशभर से आए विशेषज्ञों, चिकित्सकों और विद्यार्थियों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक धन्वंतरि वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि उपस्थित डॉ. केके द्विवेदी सदस्य बोर्ड ऑफ आयुर्वेद ने वैज्ञानिक सत्रों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा ऐसे सेमिनार आयुर्वेद की शास्त्रीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान से जोड़ने का एक अहम मंच हैं।

यह विमर्श युवा चिकित्सकों और विद्यार्थियों में तार्किक सोच और शोधपरक दृष्टिकोण विकसित करता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. योगेश चंद्र मिश्रा अखिल भारतीय संगठन मंत्री, विश्व आयुर्वेद परिषदद्ध ने प्रमाण आधारित आयुर्वेद की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे आयुर्वेदिक सिद्धांतों और चिकित्सा पद्धतियों के वैज्ञानिक आधार को मजबूती मिलती है। आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में आयुर्वेद के प्रभावी योगदान के लिए प्रामाणिक अनुसंधान समय की मांग है। इस अवसर पर डॉ. सीबी सिंह, डॉ0 शान्तुल गुप्ता, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. दीप्ति त्रिवेदी, डॉ. तरुण परिहारा और डॉ. सोनू उपस्थित रहे।

### स्मारिका का विमोचन एवं सम्मान समारोह

उद्घाटन समारोह के दौरान मंचसीन अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार की स्मारिका का विमोचन किया गया। अतिथियों ने इसे सेमिनार की वैज्ञानिक उपलब्धियों और शोधपरक विचारों का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज करार दिया। इसके पश्चात सभी मुख्य और विशिष्ट अतिथियों को शॉलए स्मृति चिह्न, पौधा और सेमिनार किट भेंट कर सम्मानित किया गया। उद्घाटन के बाद आयोजित वैज्ञानिक सत्रों में विशेषज्ञों ने आयुर्वेद के नवीन आयामों पर अपने शोध साझा कि प्रथम सत्र में राजकीय पीजी आयुर्वेदिक कॉलेज वाराणसी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 अंजना सक्सेना ने व्याख्यान दिया। उन्होंने विभिन्न नैदानिक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि रोग प्रबंधन में आयुर्वेद को कितने प्रभावी ढंग से अपनाया जा सकता है।



कार्यक्रम का शुभारम्भ करते अतिथि


सेमिनार में मौजूद लोग

### शोध प्रस्तुति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

वैज्ञानिक चर्चाओं के समानांतर विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए पेपर प्रेजेंटेशन (शोध-पत्र प्रस्तुतीकरण) सत्र भी आयोजित किए गए, जिसमें युवा शोधकर्ताओं ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। इसके साथ ही, विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन में विशेष ऊर्जा और उत्साह भर दिया।समापन पर प्राचार्या डॉ. मनोनमणि एवं उप-प्राचार्या डॉ. नितुश्री ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बच्चों ने देशभक्ति गीतों दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने ध्वजारोहण के साथ हुआ। अतिथियों, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान के प्रति सम्मान व्यक्त किया। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीतों एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ की गई। एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन, पराक्रम एवं शौर्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अमर सिंह, सरस्वती वर्मा, सुनील चक का स्वागत बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत भाषण में एक सैनिक के जीवन, उसके उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने नाटक, नृत्य एवं गायन के माध्यम से देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना को जीवंत कर दिया। डायरेक्टर लक्ष्मी नारायण अग्रवाल एवं मैनेजर मोनिका अग्रवाल ने विचार व्यक्त किये। जूनियर विंग की प्रधानाचार्या नाहिद जाफरी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुतीक्षण श्रीवास्त, अनिल बाबू तिवारी, प्रभंजन कुमार, शिक्ली मिश्रा, ममता एवं नितिन, लक्ष्मी गंगवार, शायना खान, शोभा यादव, अजेन्द्र कश्यप, मनीष गौर, लक्ष्मी गंगवार, अनुराधा यादव, माहीन खान, नीलेंद्र दीक्षित, राजीव गंगवार, श्रुति शर्मा, नैंसी आदि शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन कक्षा 10वीं एवं 11वीं की छात्रा सुहानी सिंह और आराध्या गंगवार ने किया।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस


दीप प्रज्वलित करते अतिथिगण

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्याम नगर में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम, राष्ट्रभक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि डीएन कालेज के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह, नगर संघ संचालक सुशील, नगर प्रचारक अक्षय, समाजसेवीश्वेता दुबे एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष सुदेश दुबे, सह प्रबंधक डॉ. रामगोपाल चौहान तथा प्रधानाचार्य रामकृष्ण वाजपेयी की उपस्थिति में ध्वजारोहण संपन्न हुआ। ध्वजारोहण एवं पूर्ण राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने वंदे मातरम और ऐ मेरे वतन के लोगों जैसे अमर गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा प्रांगण राष्ट्रभक्ति के नारों से गुंजायमान हो उठा।विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन पर आधारित लघु नाटक और ओजस्वी भाषणों के माध्यम से देश की आजादी के महत्व को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि डॉ. राजकुमार सिंह ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए देश के वीर सपूतों के बलिदान को याद किया और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। वहीं नगर संघचालक सुशील एवं नगर प्रचारक अक्षय ने अनुशासन और राष्ट्रीय मूल्यों को जीवन में उतारने पर बल दिया। प्रधानाचार्य रामकृष्ण वाजपेयी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। व्यवस्था शिक्षक रामानुज अग्निहोत्री सहित सभी शिक्षकों ने देखी।

## राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन की 108 कावड़ यात्रा का समापन

- पांचालघाट से पांडेश्वर नाथ मंदिर तक लगे जयकारे
- महंत ईश्वर दास ने किया पूजन

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के तत्वावधान में तृतीय 108 कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा से पूर्व दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वर दास ब्रह्मचारी ने विधि-विधान से पूजन कर कावड़ यात्रा को रवाना किया।

कावड़ यात्रा पांचालघाट से चलकर कादरी गेट, लाल गेट, घूमना, नेहरू रोड, चौक, रेलवे रोड होते हुए पांडेश्वर नाथ मंदिर पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। नेहरू रोड पर समाजसेवी संजय गर्ग ने पुष्प वर्षा कर कावड़ियों का स्वागत किया। कई स्थानों पर समाजसेवियों द्वारा भव्य स्वागत एवं जलपान की व्यवस्था की गई। पांडेश्वर नाथ मंदिर पहुंचकर भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और आरती कर यात्रा का समापन किया। समापन पर राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय सचिव डॉ0 राजीव पाठक एवं संगठन के पदाधिकारियों द्वारा प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया।



कावड़ यात्रा में शामिल भक्तगण

यात्रा में शामिल सभी भक्त हर्ष और उल्लास के साथ हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे लगाते चल रहे थे। यात्रा के दौरान प्रशासन का पूरा सहयोग रहा। यात्रा आयोजक जिला अध्यक्ष लखन दीक्षित के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद वाजपेई, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 ऋषि नाथ गुप्ता, प्रदेश महामंत्री मृदुल चतुर्वेदी, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनील शुक्ला, मंत्री डॉ0 डीके तिवारी, युवा प्रदेश मंत्री रोहित तिवारी, जिला उपाध्यक्ष मोनू मिश्रा, आदेश दीक्षित, विनोद, वरुण पाण्डे, श्याम अग्निहोत्री, रानू अग्निहोत्री, अनुराग पाण्डेय, सोमनाथ गुप्ता, गौरव शुक्ला, शिवम मिश्रा, केशव कुशवाहा, प्रतीक चतुर्वेदी, अभिषेक गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, नितिन शुक्ला, आकाश गुप्ता, प्रदीप द्विवेदी, ज्योति अग्निहोत्री, रुचि दीक्षित, संदीप तिवारी, संदीप चतुर्वेदी मौजूद रहे।

## वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी की मनाई गयी जयंती


रानी अवंतीबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी की 195वीं जयंती पर शहर स्थित एक गेस्ट हाउस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजक निवर्तमान सभासद श्याम सुंदर लल्ला ने सर्वसमाज के लोगों को आमंत्रित किया गया था। श्याम सुंदर लल्ला द्वारा आयोजित यह जनपद का पहला ऐसा अनूठा कार्यक्रम था, जिसमें विभिन्न जातियों और धर्मों के लोगों को एक मंच पर बुलाकर किसी महान क्रांतिकारी के इतिहास के बारे में संक्षेप में जानकारी दी गई। सर्वसमाज के लोगों ने इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। वक्ताओं ने जोर देते हुए कहा कि महारानी के जीवन से प्रेरणा लेकर सभी को जाति.धर्म की सीमाओं से ऊपर उठकर देशहित में कार्य करना चाहिए। श्याम सुंदर लल्ला ने महिला सशक्तिकरण का भी मुद्दा उठाया और महिलाओं से समाज में आगे बढ़कर कार्य करने का आह्वान किया। श्याम सुंदर लल्ला ने सर्वसमाज के सामने वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। इस पर उपस्थित लोगों ने एक स्वर में सहमति जताते हुए कहा कि प्रतिमा लगवाने के लिए सर्वसमाज एकजुट होकर प्रयास करेगा और यदि आवश्यकता पड़ीए तो इसके लिए जन.आंदोलन भी किया जाएगा। इस मौके पर मानवाधिकार प्रदेश अध्यक्ष धीरज पांडे, जिलाध्यक्ष सावन मिश्रा, भैयन मिश्रा, संजय कटियार, विश्वनाथ राजपूत, शिवम वर्मा, अतुल शंकर दुबे, अंगद पांडे, राजीव पाल, कृणाकांत कटियार, सुरजीत कटियार, गौरव यादव, बाबू अभिनेत्री, महादेव राजपूत, जौहरी लाल राजपूत आदि मौजूद रहे।

### केएसआर इं.का. में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 80वां स्वतंत्रता दिवस केएस आर इंटर कालेज कंपिल में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबंधक डॉ. विकास शर्मा द्वारा ध्वजारोहण व मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य दीनदयाल ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए देशभक्ति गीतों पर मंत्रमुग्ध किया। प्रबंधक ने कहा कि बच्चों की शिक्षा का महत्व समझे, बच्चे पढ़-लिखकर अपने परिवार तथा क्षेत्र व देश का नाम रोशन करें। अध्यक्ष रामसागर पाण्डेय ने कहा कि जीवन में चरित्र सबसे मूल्यवान है। हम सब शिक्षा के साथ-साथ अच्छे चरित्रवान बनें। सभी ने महापुरुषों के जीवन पर विचार रखे। संचालन प्रवक्ता प्रशान्त मिश्र ने किया। धन्यवाद प्रधानाचार्य दीनदयाल ने ज्ञापित किया। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें व विद्यार्थी मौजूद रहे।


कार्यक्रम का संबोधित करते प्रधानाचार्य व अन्य

बच्चे पढ़-लिखकर देश का नाम करें रोशन :प्रबंधक

## हाजी अख्तर हुसैन रहमानी ग.इं.कॉ. में धूमधाम से मनायी गयी जश्ने आजादी

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

हाजी अख्तर हुसैन रहमानी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस (यौमे आज़ादी) का मुकद्दस त्यौहार पूरे हर्षोल्लास और देशभक्ति के जज़्बे के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियों और रैली के माध्यम से समाज में एकता और आज़ादी की अहमियत का बड़ा पैगाम दिया। सुबह विद्यालय के मैनेजर हाजी मुज़फ्फर हुसैन रहमानी ने अपने हाथों से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का गायन हुआ। विद्यालय की हेड गर्ल इफरा खान और हेड बॉय इमामुल हक की अगुवाई में छात्र-छात्राओं की एक शानदार रैली निकाली गई। रैली में गूंजते देशभक्ति नारों ने सभी में जोश भर दिया। कॉलेज के शमीम हॉल में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर मौजूद अभिभावकों और मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

जश्ने आज़ादी के इस खास मौके पर विद्यालय में राइटिंग लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मैनेजर हाजी मुज़फ्फर हुसैन रहमानी ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को इनाम देकर उनकी हौसला अफजाई की।


झण्डारोहण करते प्रधानाचार्या व प्रबंधक

प्रतियोगिता में कक्षा-9 की छात्रा वरीशा सिद्दीकी प्रथम स्थान रही। कक्षा 6 की शिफत अंजुम प्रथम स्थान पर रही। इख्लाक अहमद खाँ उर्फ मुंशी, अफरोज खान उर्फ मल्लू खाँ और अनीस अहमद एडवोकेट ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कॉलेज की प्रिंसिपल इरम खान, मास्टर असगर हुसैन, वसीमुज्जमा खाँ, जैदी सर, मिर्ज़ा आकिब कादरी, रेहान खान और महविश खान सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। संचालन आकिल नेता ने किया।

### केडी बालिका डिग्री कॉलेज में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकायें

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज में देश का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से हुआ, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं, शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह के दौरान छात्राओं ने देशभक्ति से परिपूर्ण विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानियों के महान त्याग और बलिदान को याद किया और छात्राओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दें। इसके साथ ही, छात्राओं को शिक्षा, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम के वास्तविक महत्व से भी अवगत कराया गया। महाविद्यालय परिसर में देशभक्ति का एक अद्भुत वातावरण बना रहा। प्राचार्य, सभी शिक्षकगण, कर्मचारी तथा छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पण और सदैव देशहित में कार्य करने के दृढ़ संकल्प के साथ हुआ।

## स्वतंत्रता दिवस पर बीडीओ व बीईओ ने किया ध्वजारोहण

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

स्वतंत्रता दिवस पर नवाबगंज स्थित विकासखंड कार्यालय एवं खंड शिक्षा कार्यालय परिसर में देशभक्ति के माहौल में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकासखंड अधिकारी अमरेश सिंह चौहान ने तिरंगा फहराकर ब्लॉक परिसर में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र के प्रति निष्ठा एवं कर्तव्य पालन की शपथ दिलाई।

विकासखंड कार्यालय पर बीडीओ अमरेश सिंह चौहान ने पूरे जोश के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। बीडीओ ने ब्लॉक परिसर में स्थापित स्वतंत्रता सेनानियों के शिलापट्ट पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया और सभी कर्मचारियों में मिष्ठान वितरण कराया गया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेश सिंह, एडीओ एग्रीकल्चर गिरीश कुमार, ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार, सुनील कुमार, बृजेश कुमार, मोतीलाल यादव, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, प्रवीण कुमार, आनंद गंगवार, प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, मनोज कुमार शाक्य, लवलेश कुमार, बिंद्रा प्रसाद, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, राज भारती, एपीओ गौरव दिवाकर, मनरेगा सहायक विनीत कुमार एवं अवनीश कुमार सहित विकासखंड के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में बच्चों को अभिभावक के रूप में अपने बच्चों की तरह पढ़ाएं और उनका उज्ज्वल भविष्य बनाएं। जब विद्यालय के बच्चे आगे बढ़ेंगे, तभी देश का गौरव बढ़ेगा और राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक सुशील कुमार, सनोज कुमार, राहुल कुमार, पंकज यादव, अखिलेश यादव सहित तमाम शिक्षक गण मौजूद रहे।


वृक्षारोपण करते बीडीओ

### किरण पब्लिक स्कूल में मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के पट्टिया लेन कंपिल रोड़ स्थित किरण पब्लिक स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर को तिरंगे के रंगों से भव्य रूप से सजाया गया था। मुख्य अतिथि विद्यालय के संस्थापक डॉ0 वीरेंद्र गंगवार, एकेडमिक मैनेजर उदित पटेल एवं सहायक मैनेजर खुशी पटेल रहे। शुभारंभ मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रधानाचार्या राधिका नायर एवं कोऑर्डिनेटर जयन राजन द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया गया। पीटीआई शिक्षिका अल्पना यादव के नेतृत्व मे बच्चों द्वारा परेड निकाली। संचालन छात्रा अंजिता जयन एवं छात्र सक्षम शिक्षिका अंजना जयन ने किया। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।










## देश भक्ति नारों के साथ रखा बालिका इंटर कालेज में निकाली गई प्रभातफेरी

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

- प्रधानाचार्या ने झण्डा रोहण कर स्वतंत्रता का दिया पैगाम

रखा बालिका इंटर कॉलेज में देश का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः ब्रह्मदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ से छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकालकर किया गया।

छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ प्रभात फेरी में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा लोगों में राष्ट्रप्रेम, एकता एवं देशभक्ति का संदेश दिया। साथ में रखा विद्यालय की स0अ. नीतिका सनी व पूजा रही। प्रधानाचार्या डॉ0 नीतू मसीह ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने छात्राओं एवं विद्यालय परिवार द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम गाया गया। राष्ट्रीय गान जन गण मन की प्रस्तुति दी गई। प्रधानाचार्या डॉ0 नीतू मसीह ने समस्त स्टाफ व छात्राओं को राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य का निर्वहन करने की शपथ एवं प्रतिज्ञा दिलाई।

साथ ही छात्राओं को तंबाकू एवं नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवन अपनाने की शपथ भी दिलाई गई। प्रधानाचार्या ने राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश का संदेश पढ़ा गया व वीना एडवर्ड वरिष्ठ अध्यापिका द्वारा शिक्षा निदेशक माध्यमिक का संदेश पढ़ा गया। साथ ही विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। प्रधानाचार्या व समस्त स्टाफएवं छात्राओं ने पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। स्वतंत्रता दिवस से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संचालन भावना लाल ने किया। प्रधानाचार्या डॉ0 नीतू मसीह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता हमारे लिए गर्व का विषय होने के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों का भी स्मरण कराती है। उन्होंने छात्राओं से अनुशासन, शिक्षा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।


वृक्षारोपण करती प्रधानाचार्या व शिक्षिकायें

छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविताएँ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद किया तथा राष्ट्रप्रेम एवं देश की एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रीति मसीह, विनय कटियार, सुरेन्द्र पाल सिंह उपस्थित रहे।

हर घर तिरंगा सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया। जिसमे प्रधानाचार्या व छात्राओ द्वारा वंदे मातरम गीत गाते हुए सेल्फी ली गई।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

- अमर शहीदों की प्रतिमा पर नमन कर हुआ ध्वजारोहण
- पुलिस सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हुए सम्मानित



**समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।**

80 वी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे जिला देशभक्ति से ओतप्रोत दिखा।सरकारी व निजी संस्थानों सहित राजनीतिक पार्टियों ने भी स्वतंत्रता दिवस की पावन अवसर को अमर शहीदों को याद करते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने नगर में स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया और अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी। इसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण कर नवीन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में महात्मा गांधी व डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर स्वतंत्रता दिवस के सेनानियों को याद करते हुए नमन किया। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों से ईमानदारी, पारदर्शिता और संवेदन शीलता के साथ जनसेवा करने कहा। इस मौके पर एडीएम प्रशासन रत्नप्रिया, एडीएम एफआर राकेश सिंह, सीआरओ महेंद्र कुमार सहित अन्य विभागीय कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे। विकास भवन में सीडीओ विनय कुमार सिंह ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। जिले की सदर तहसील में एसडीएम गरिमा सैनिकिया, लंभुआ में एसडीएम प्रीति जैन, बल्दीराय में एसडीएम प्रभात सिंह, जयसिंहपुर में एसडीएम संदीप यादव व कादीपुर में एसडीएम मंजुल मयंक ने तहसील मुख्यालयों पर झंडारोहण कर अमर शहीदों को नमन किया। कुड़वार प्रतिनिधि के अनुसार थाना कुड़वार पर प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव, सीएचसी पर अधीक्षक डॉ वेदांत नारायण यादव, विकास खंड मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र प्रताप सिंह बबलू व बीडीओ विनय कटियार व बीआरसी पर बीईओ रोज़ी सिंह ने झंडारोहण कर देश सेवा का संकल्प लिया।साथ ही धर्मा देवी बद्री प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रबंधक दयाराम यादव ने झंडारोहण किया। झंडारोहण के बाद विद्यालय की बालिकाओं द्वारा देश भक्ति के कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोराज पाल, संचालक अजय यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 30 पुलिसकर्मी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हुए सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।**



स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी चारु निगम ने झंडारोहण किया। झंडारोहण के पश्चात एसपी ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सत्यनिष्ठ के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में एसपी ने उत्कृष्ट, कर्तव्यनिष्ठ उल्लेखनीय योगदान के लिए 30 पुलिस कर्मियों को पदक,प्रशंसा चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी ने डायल 112 के कमांडर नीरज पटेल,संदीप पाल,दीपक कुमार व प्रवीन यादव,सब कमांडर राजेंद्र गुप्ता व दीपक कुमार,चालक अशोक गुप्ता व जगदीश प्रसाद व पायलट राम सरदार पांडेय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गृह मंत्रालय द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा पदक उपनिरीक्षक सीरज सिंह व अजय कुमार सिंह अखंडनगर, कन्हैया लाल शुक्ला अटैच पुलिस मुख्यालय, संजय कुमार सिंह बल्दीराय, उमाकांत द्विवेदी अटैच 1090 मुख्यालय, उपनिरीक्षक इकराम उल्ला व शिव मूरत यादव डायल 112, निरीक्षक अखंडदेव मिश्रा प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज, मुख्य आरक्षी महिला रोशन जहां हलियापुर, मुख्य आरक्षी विनोद कुमार न्यायिक सेल व आशीष कुमार राम कोतवाली नगर को दिया। गृह मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट सेवा पदक में मुख्य आरक्षी संजय सिंह पैरोकार न्यायालय, बेलाल अहमद यातायात, तिलक राम अटैच डीआईजी कार्यालय, पंकज तिवारी स्थानांतरण रायबरेली, विजेंद्र कुमार कोतवाली देहात व अफरोज खा प्रधान लिपिक शाखा को दिया। पुलिस महानिदेशक द्वारा दिए गए सराहनीय सेवा सम्मान उपनिरीक्षक राम प्रकाश पाल एलआइयू, उपनिरीक्षक यशवंत लाल द्विवेदी क्षेत्राधिकारी कार्यालय बल्दीराय, उमेश चंद्र फिंगर प्रिंट ब्यूरो व नफीसुद्दीन खान जयसिंहपुर को रजत प्रशंसा चिन्ह दिया।

## खबरें एक नजर में

### चोरी की 15 पेटी कोल्ड ड्रिंक और लोडर बरामद, एक गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** हलियापुर पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 15 पेटी कोल्ड ड्रिंक और एक इलेक्ट्रिक लोडर वाहन बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। बता दे कि शनिवार को सौरभ सिंह पुत्र हरि बक्श सिंह निवासी निवासी पिठला कुमार गंज ने हलियापुर थाना क्षेत्र के डोभियारा स्थित गोदाम से करीब 25 से 30 पेटी कोल्ड ड्रिंक चोरी होने की शिकायत की थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने रविवार को तिरहुत अंडरपास के पास से बुधई उर्फ बुधिराम पासी (57) पुत्र रामदास पासी, निवासी पिठला, थाना कुमारगंज, जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया।पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की 15 पेटी कैम्पा कोला तथा महिन्द्रा इलेक्ट्रिक तीन पहिया लोडर बरामद किया। बरामद वाहन को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया गया।कार्रवाई में उपनिरीक्षक राम प्रकाश सिंह के साथ कांस्टेबल चन्दन कुमार, दीपक शाह और शीलू राठौर शामिल रहे।

### युवक से मारपीट, असलहे से सिर पर हमला, दी तहरीर

**रानीगंज प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र के राजापुर खरहर गांव में मामूली विवाद को लेकर 4 लोगों ने एक युवक पर हमला कर दिया। पीड़ित ने रानीगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम राजापुर खरहर निवासी आकाश यादव पुत्र दान राज यादव ने पुलिस को बताया कि 12 अगस्त को सुबह करीब 9:30 बजे वह घर के पास खड़ा था। तभी ग्राम रखहा निवासी निखिल यादव उसे बात करने के लिए बुक्का कट बाग ले गया। वहां अमर यादव, बिंध यादव और एक अज्ञात व्यक्ति पहले से मौजूद थे। आरोप है कि सभी ने लाठी-राड से मारपीट की और गंदी-गंदी गालियां दीं। निखिल यादव ने असलहा निकालकर सिर पर वार किया। हल्ला मचने पर ग्रामीणों को आता देख आरोपी असलहा लेकर भाग गए। पीड़ित ने मेडिकल परीक्षण और मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। साथ ही कहा कि आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। रानीगंज पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई होगी।

### केपी सिंह हाई स्कूल में लल्लन सिंह ने किया झंडारोहण

**रानीगंज-प्रतापगढ़।** केपी सिंह हाई स्कूल कसेरुआ चौवनगढ़ में 80 वाँ स्वतंत्रता दिवस पर झंडा रोहण पूर्व जिला पंचायत सदस्य लल्लन सिंह परिहार द्वारा, मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश यादव क्षेत्र के संभ्रांत लोगों एवं विद्यालय परिवार के साथ किया गया। झंडा रोहण के बाद लल्लन सिंह परिहार ने देश की आजादी कैसे आई इस पर लोगों को बताया और कहा कि देश प्रेम की भावना हर देश वासी में होनी चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश यादव ने देश की आजादी के लिए सभी शहीदों को नमन करते हुए अग्रेजों के जुल्म और अत्याचार को भी बताया। विद्यालय प्रबंधक भाजपा मंडल अध्यक्ष लव सिंह गहलौत एडवोकेट ने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमेशा सभी लोग देश के लिए एक रहें।और हर घर तिरंगा के तहत सभी लोग अपने घरों पर तिरंगा झंडा अवश्य लगाएंऔर देश के अमर वीरों को याद करें। झंडा रोहण के उपरांत भव्य तिरंगा यात्रा भी निकाली गई और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।जिस पर बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर नवाब सिंह, अमरनाथ पटेल, अयोध्या प्रसाद सरोज, अमरपाल, एपी सिंह, कुश सिंह, सुमन सिंह, स्वेता सिंह, नेहा सिंह, अमन सिंह पवन सरोज, आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता दिवस मनाने विद्यालय गई किशोरी घर नहीं लौटी

**रानीगंज-प्रतापगढ।** कश्मीर के एक गांव की किशोरी विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए गई थी। देर शाम तक घर वापस न लौटने पर मां की तहरीर पर अज्ञात युवक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कियाहै। इस बाबत थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित और मेधावी छात्र सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।**



स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ पर पं. रामनरेश त्रिपाठी सभागार परिसर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान एवं कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया। इससे पूर्व उन्होंने परिसर में स्थापित महान विभूतियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। वंदे मातरम के सामूहिक गायन के बाद राष्ट्रगान हुआ। समारोह में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय दूबेपुर और केशकुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। राज्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को माला और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। पर्यावरण एवं नदियों के संरक्षण में उल्लेखनीय कार्य करने वाले चार लोगों तथा उद्यान विभाग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो किसानों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। बेसिक शिक्षा विभाग की निबंध, पोस्टर-चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिताओं के विजेताओं के साथ माध्यमिक शिक्षा विभाग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। युवाओं से स्वतंत्रता के मूल्यों, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभक्ति को आत्मसात कर देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल समेत जनप्रतिनिधि, अधिकारी, छात्र-छात्राएं और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद राज्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर भर्ती मरीजों को फल वितरित किए।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में एसकेपी स्कूल के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति



**लंभुआ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसकेपी इंग्लिश मीडियम स्कूल, चौकिया की ओर से अलीपुर, केनौरा और कंधईपुर में देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, योग, मार्शल आर्ट, अनुशासनात्मक प्रदर्शन समेत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण देशभक्तिमय बना रहा। विद्यालय के प्रबंधक गौरव सिंह ने बच्चों की प्रस्तुतियां देखीं और उनके आत्मविश्वास, अनुशासन एवं प्रतिभा की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या दिव्या सिंह, शिवा ऑटोमोबाइल्स एवं सिया डिजिटल वर्ल्ड के निदेशक शिवा सिंह, वे सपोर्ट के सीईओ स्वाधीन शास्मल, निदेशक आशुतोष सिंह, अमित, अनमोल समेत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



आजादी के 80वें वर्ष के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद में पूरे मनोयोग, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों पर ध्वजारोहण किया गया तथा राष्ट्रगान का गायन हुआ।कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने कलेक्ट्रेट भवन पर ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता संग्राम के वीर बलिदानियों तथा महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतों पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने जनपदवासियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता हमारे देश की अमूल्य धरोहर है। भारत को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने में सत्य, अहिंसा और देशभक्ति की भावना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव सहित सभी वीर बलिदानियों और महात्मा गांधी के योगदान को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के लिए दिए गए बलिदानों को सदैव स्मरण किया जाना चाहिए। इसी प्रकार सिंचाई विभाग, जल निगम,पी सी एफ प्रबंधक कार्यालय सब रजिस्ट्रार कार्यालय नगर पालिका परिषद आदि सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों पर झंडारोहण हुआ और मिष्ठान वितरण किया गया इस दौरान तमाम संस्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के जीवन और उनके संघर्षों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके जीवन चरित्र का अध्ययन हमें गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील, उदार और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं की अपेक्षाएं बढ़ी हैं और उनके प्रति उत्तरदायित्व के साथ कार्य करना आवश्यक है।अपर जिलाधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि हमारे वीर सपूतों ने कठिन संघर्ष और असंख्य बलिदानों के बाद देश को स्वतंत्रता दिलाई। संविधान का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करना है। इसलिए प्रत्येक लोक सेवक का दायित्व है कि वह पूरी सत्यनिष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय एवं अधिकारों की पहुंच सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि हमें अपने साथ-साथ दूसरों के अधिकारों का भी सम्मान करना चाहिए।एडीएम (न्यायिक) ने कहा कि देश के महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर आजादी दिलाई और ऐसा संविधान दिया, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को सरल एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि समाज में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास कायम रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।इस अवसर पर अपर उपजिलाधिकारी जितेंद्र सिंह, श्री विजय यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अरुण मौर्य ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए तथा गोष्ठी का संचालन किया।विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया।

### 'सभी ग्राम पंचायतों में वैक्सीनेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश'

**महाराजगंज।** भारत पशुधन पोर्टल पर गत वर्ष से निष्क्रिय वैक्सीनेटरों की समीक्षा, उनके कार्य करने की इच्छा का सत्यापन करते हुए सभी ग्राम पंचायतो में वैक्सीनेटरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर एजाज अहमद ने सभी उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी/ पशु चिकित्साधिकारी को दिया है। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देश के तहत राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम में अंतर्गत खुरपका- मुंह पका रोग, ब्रूसेला, पी पी आर एवं क्लासिकल स्वाइन फीवर टीकाकरण कार्यक्रम के प्रभावी संचालन हेतु भारत पशुधन पोर्टल पर टीकाकरण की समयबद एवं शत प्रतिशत प्रविष्ट किया जाना आवश्यक है। लेकिन अनेक वैक्सीनेटर भारत पशुधन पोर्टल पर गत एक वर्ष से टीकाकरण संबंधी कोई प्रविष्टि नहीं कर रहे हैं।तथा निष्क्रिय हैं। ऐसे में सी वी ओ ने निर्देशित किया है कि सभी उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी/ पशु चिकित्साधिकारी अपने अपने क्षेत्र के निष्क्रिय सभी वैक्सीनेटरों की सूचना प्राप्त कर उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क स्थापित कर यह सुनिश्चित करें कि वे भविष्य में टीकाकरण कार्य एवं भारत पशुधन पोर्टल पर डाटा फीडिंग के लिए इच्छुक एवं उपलब्ध है अथवा नहीं।जिन वैक्सीनेटरों द्वारा उक्त कार्य करने में अनिचछा व्यक्त की जाती है अथवा जो संपर्क स्थापित किए जाने के उपरांत भी सक्रिय नहीं होते हैं।उनके स्थान पर संबंधित ग्राम पंचायत में नियमानुसार संलग्न मानक संचालन प्रक्रिया के तहत नवीन वैक्सीनेटर का चयन करना सुनिश्चित करते हुए सूचना अधो हस्ताक्षरी कार्यालय में प्रेषित करें तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक प्रशिक्षित वैक्सीनेटर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। नए नियुक्त वैक्सीनेटर को प्रत्येक टीकाकरण के 5 रुपया और इन पशुओं का टैग नहीं लगा है तो उनका टीकाकरण करने के बाद ओटीपी प्राप्त कर उक्त पशु को टैग लगाने और भारत पशुधन ऐप पर फीडिंग करने के बदले प्रति पशु 8.50 रुपए भुगतान प्राप्त होगा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, अधीक्षक डाक्टर नौसाद हुसैन ने किया नेतृत्व

**समृद्धि न्यूज़, रानीगंज-प्रतापगढ़।**



80वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। अधीक्षक डाक्टर नौसाद हुसेन के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर को तिरंगे के रंगों वाले गुब्बारों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। समारोह के दौरान सभी डाक्टर और स्टाप नर्स एवंकर्मचारियों ने राष्ट्रध्वज को सलामी देते हुए देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया। कर्मचारियो ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों एवं वीर सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कर्मचारियो ने आपसी सौहार्द और उत्साह के साथ आजादी के पर्व की खुशियां मनाईं।अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डाक्टर नौसाद हुसेन ने सभी कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संदेश दिया। समारोह मे डाक्टर ओ पी सिंह, डाक्टर वर्तिका सिंह बी सी पी एम मो हसनैन हुसेन, बी पी एम दीपक श्रीवास्तव ,आर ओ मंयक मिश्रा, अकित पान्डेय, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिवबहादुर मौर्या, ने राष्ट्रप्रेम, एकता और जनसेवा की भावना को और मजबूत किया इसी प्रकार उपकेंद्र संडौरा में एएनएम नीलम सिंह, सीएचओ आजाद, संगिनी आरती मिश्रा संगिनी एवं सभी आशा बहू मौजूद रही।

# फूलों से हुआ शिवभक्तों का स्वागत, सेवा से जीता दिल

- अम्बेडकरनगर में बरकत अली ने पेश की भाईचारे की मिसाल

**समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।**



सावन की कांवड़ यात्रा के बीच शिवभक्तों की सेवा और सम्मान का सिलसिला लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। पुरानी तहसील तिराहा स्थित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में समाजसेवी बरकत अली ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। फूलों की बारिश के बीच शिवभक्तों के चेहरे खिल उठे और माहौल 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। कांवड़ यात्रा को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी पूरी मुस्तैदी से जुटा है। सीएचसी अकबरपुर की चिकित्सकीय टीम 24 घंटे तीन शिफ्टों में शिवभक्तों की सेवा कर रही है। स्वास्थ्य शिविर में कांवड़ियों को प्राथमिक उपचार, आवश्यक दवाएं और चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है।

**दिन-रात तीन शिफ्ट में स्वास्थ्य सेवा:** स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर संचालित शिविर में सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक डॉ. स्वर्णिमा वर्मा, शिवरतन, अमित और अनीश ड्यूटी पर रहे। दोपहर दो बजे से रात आठ बजे तक डॉ. रविकांत वर्मा, मयंक दुबे और अफजल ने जिम्मेदारी संभाली, जबकि रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक दिव्यांश कनौजिया और वंश कनौजिया शिवभक्तों की सेवा में जुटे हैं।

**पुष्पवर्षा से बढ़ा उत्साह:** समाजसेवी बरकत अली चौथे दिन भी स्वास्थ्य शिविर पहुंचे और उपचार के लिए पहुंचे कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि बाबा भोलेनाथ के भक्त दूर-दूर से आस्था के साथ जल लेकर यात्रा कर रहे हैं। ऐसे में उनकी राह आसान बनाना और जरूरत के समय सेवा उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम दिन-रात मेहनत कर रही है और प्रयास है कि प्रत्येक कांवड़िया स्वस्थ एवं सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचे।

# देशभक्ति के उल्लास में सराबोर हुआ एनटीपीसी टांडा, धूमधाम से मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।**



एनटीपीसी टांडा परिसर में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम के उल्लास के बीच 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। समारोह में एनटीपीसी परिवार के साथ कर्मचारियों के परिजनों, विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर राष्ट्रीय पर्व की खुशियां साझा कीं। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगीत के गायन से हुआ। इसके पश्चात एनटीपीसी टांडा के हेड ऑफ प्रोजेक्ट राजीव कुमार सिन्हा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान की गूंज से पूरा परिसर देशभक्ति के भाव से भर उठा। उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदाकर्मियों, परिजनों और विद्यार्थियों ने राष्ट्र के प्रति गौरव एवं सम्मान की भावना के साथ राष्ट्रगान में सहभागिता की। समारोह में एनटीपीसी टांडा का वरिष्ठ प्रबंधन, अधिकारीगण, कर्मचारी एवं संविदाकर्मी, गरिमा महिला मंडल की सदस्याएं, टाउनशिप स्थित विद्यालयों के विद्यार्थी व शिक्षक तथा आसपास के गांवों के नागरिक मौजूद रहे। अपने संबोधन में राजीव कुमार सिन्हा ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। सत्यनिष्ठा, जिम्मेदारी, एकता और समर्पण को जीवन में आत्मसात करते हुए देश की निरंतर प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया।

# जेल में गूंजा राष्ट्रगान, बंदियों ने भी मनाया आजादी का पर्व

**समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।**





जिला कारागार अम्बेडकरनगर में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम के उल्लास के बीच 80वां स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। कारागार परिसर को तिरंगे, रंग-बिरंगे गुब्बारों, फूलों और आकर्षक प्रकाश सज्जा से सजाया गया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जेल स्टाफ ने तिरंगा रैली निकालकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। शनिवार सुबह कारागार के सिंहद्वार पर अधीक्षक शिवमूरत सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद जेल कर्मियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। इस दौरान पूरा कारागार परिसर देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कारा कर्मियों को सम्मानित किया गया। उप महानिरीक्षक कारागार, अयोध्या परिक्षेत्र की ओर से प्राप्त प्रशस्ति-पत्र अधीक्षक शिवमूरत सिंह, जेलर विजय लक्ष्मी सिंह, उप कारापाल सूर्यभान सरोज और कनिष्ठ सहायक विपिन कुमार को प्रदान किए गए। इसके अलावा चिकित्साधिकारी डॉ. दिग्विजय प्रताप सिंह, उप कारापाल तेजवीर सिंह, हेड जेल वार्डर राजीव यादव समेत अन्य जेल कर्मियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशंसा-पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया।

**बुजुर्ग बंदियों ने फहराया तिरंगा:** स्वतंत्रता दिवस समारोह में कारागार के सर्किल और महिला हाता में बुजुर्ग बंदियों एवं बंदिनियों ने भी ध्वजारोहण किया। जेल अधीक्षक ने बंदियों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता के महत्व, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने विभाजन की विभीषिका जैसी परिस्थितियों की पुनरावृत्ति न होने देने, स्वच्छता अपनाने और सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर विवेक मौर्या, नारायण फाउंडेशन की ओर से बंदियों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम में जेल प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी और अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

**राष्ट्रप्रेम के साथ दिखी मानवीय संवेदना:** जिला कारागार में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह ने यह संदेश दिया कि आजादी का पर्व समाज के हर वर्ग के लिए समान रूप से गौरव और जिम्मेदारी का अवसर है। तिरंगे के नीचे जेल कर्मियों के साथ बंदियों की सहभागिता और फल वितरण ने समारोह में राष्ट्रप्रेम के साथ मानवीय संवेदना का भी भाव उभारा।

## खबरें एक नजर में

### मोतिचक विकास खण्ड में दो विवाह भवन का हुआ भूमि पूजन



मथौली, (कुशीनगर)। विकास खण्ड मोतीचक अंतर्गत ग्राम पंचायत पोखरभिंडा व ग्राम पंचायत तेलगावां में विवाह भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि हाटा विधायक मोहन वर्मा रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। इसी कड़ी में यहां विवाह भवन बनने से लोगों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह मुन्ना,भाजपा मोतीचक मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल कनौजिया सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### रंग रंग कार्यक्रमों के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

गाजीपुर। डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर में स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति, उत्साह और उल्लास के वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक हर्ष राय एवं डॉ प्रेरणा राय द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। राष्ट्रध्वज के सम्मान में उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने राष्ट्रगान के साथ देश की एकता और अखंडता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम में रंग भर दिया।

### 40 पाउच देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सोठिया गांव के चौराहा के आगे से शनिवार की रात्रि में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 40 पाउच देशी शराब ब्लू लाइम के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को चेतावनी देकर निजी मुचलके पर छोड़ दिया है एसआई शिवजी यादव व महेंद्र प्रताप यादव कांस्टेबल राजेश कुमार सरकारी वाहन चालक खोभारी सिंह यादव के साथ क्षेत्र में गस्त कर रहे थे की मुखबिर से सूचना मिली की सोठिया गांव से चौराहा से आगे एक व्यक्ति द्वारा शराब बंदी के दौरान शराब की बिक्री किया जा रहा है जिस पर पुलिस मुखबिर के बताये गए स्थान पर पहुंचकर शराब की बिक्री कर रहे बरडीहा कला गांव निवासी रामाशाह को गिरफ्तार कर उसके पास से बिक्री करने के लिए रखे गए 40 पाउच देशी शराब ब्लू लाइम को बरामद कर आरोपित के विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को चेतावनी देते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की शराब की बिक्री करने की सूचना पर एक आरोपित को 40 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया है।

### मारपीट करने वाले दो लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सुईया कला गांव निवासी शिव कुमार ने शनिवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी दो लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है दी गयी तहरीर में बताया है की 14 अगस्त को अपना ट्रैक्टर लेकर छेदी लाल सिंह के कहने पर उनको साथ लेकर उनका खेत जोतने के लिए गया था जैसे ही ट्रैक्टर ट्रैक्टर चलाकर खेत जोतने शुरू किया की समय 8 बजे सुबह उसी समय गांव निवासी विपक्षीगण श्यामजीत व राजकुमार लाठी डंडा लेकर आये और मुझे गाली गुप्ता देते हुए मारने पीटने लगे तथा मेरे ट्रैक्टर को लाठी डंडा से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिए बीच बचाव छेदी लाल आये तो उनको गाली गलौज देते हुए लाठी डंडा लेकर मारने पीटने लगे तो हम दोनों लोग भागने लगे तो पीछे से दौड़ाए और बोले अब दोबारा यंहा मत आना नहीं तो जान से मार देंगे जिस पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### दो बाइकों की टक्कर में घायल, युवक की मृत्यु

हलिया (मिर्जापुर)। लालगंज थाना क्षेत्र में वाराणसी-रीवा राष्ट्रीय मार्ग पर बसही गांव के पास गुरुवार की शाम तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई थी। जिसमें गंभीर रूप से घायल युवक की बीएचयू में इलाज के दौरान रविवार को दोपहर में मृत्यु हो गई। युवक की पहचान लालगंज थाना क्षेत्र के बसही कलां गांव निवासी नईम अहमद के 38 वर्षीय पुत्र शकील अहमद के रूप में हुई है। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शव का पोस्टमार्टम होने के बाद देर शाम परिजन घर लेकर पहुंचे। मौत की खबर से पूरे गांव में मातम पसर गया। बीते गुरुवार के क्षेत्र के पतुलकी जाहुर किसी काम से शकील गया था, देर शाम वापस लौटते समय राष्ट्रीय मार्ग पर तिब्र गति से सामने से आ रहे दूसरे बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई थी। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल शकील को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# कलेक्ट्रेट में डीएम ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

▸ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों का किया गया सम्मान

समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।



जनपद में स्वतंत्रता दिवस का पर्व पूरे हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान हुआ तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संविधान की मर्यादा के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया। ध्वजारोहण के उपरांत जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, जवानों, बच्चों, उनके अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गौरव और प्रेरणा का दिन है। स्वतंत्रता के 79 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत देश 80 वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। यह अवसर हमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निर्धारित करने की प्रेरणा देता है। जिलाधिकारी ने कहा कि आज उपस्थित बच्चे देश की आने वाली पीढ़ी हैं। हम सभी को यह विचार करना होगा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हम कैसा भारत छोड़कर जाना चाहते हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि हमारा बीता हुआ कल हमारे आज से बेहतर हो और आने वाला कल हमारे आज से भी बेहतर हो। उन्होंने अंत में सभी से यह संकल्प लेने का आह्वान किया कि संविधान की मर्यादा का सम्मान करेंगे, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे तथा एक सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देंगे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। जिलाधिकारी सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और पौधारोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## दवा लेने निकली मां-बेटी की ट्रेन से कटकर मौत

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। यमुनापार के मांडा थाना क्षेत्र अंतर्गत उमापुर कला गांव के सामने शनिवार की शाम रेलवे ट्रैक पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आने से मां-बेटी की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों और परिजनों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, कस्तूरा देवी (40) अपनी तीन वर्षीय बेटी देविका को लेकर दवा लेने टिकरी बाजार की ओर जा रही थीं। शनिवार शाम लगभग साढ़े छह बजे दोनों उमापुर कला गांव के सामने रेलवे ट्रैक पार कर रही थीं। इसी दौरान डाउन लाइन पर आ रही मालगाड़ी की चपेट में दोनों आ गई।

# भारतमाता के ज़िक्र से गूंजा परिसर

▸ जिलाधिकारी ने किया ध्वजारोहण

समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।



कलेक्ट्रेट परिसर गाजीपुर मे 80वां स्वतन्त्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 7.30 बजे स्कूली बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गयी जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर मे समाप्त हुई। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट परिसर मे पूर्वान्ह 08 बजे झण्डारोहण किया तत्पश्चात राष्ट्रगान से पूरा वातावरण गूंज उठा। उसके पश्चात स्कूली बच्चो मे मिठाइयां बांटी गयी तथा कलेक्टेऊ परिसर एक पेड़ मॉ के नाम-2.0 अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी को स्वतन्त्रता दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि आज हम 15 अगस्त 2026 को अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मना रहे है। यह अत्यन्त महत्वपूर्ण अवसर हमें लम्बे संघर्ष एवं बलिदान के पश्चात प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखण्डता,धर्म निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को न केवल अक्षुण्ण बनाये रखना जरूरी है, बल्कि सर्वधर्म सम्भाव व भाई चारे की भावना को भी स्थापित करना हमारा पुनीत कर्तव्य है। आज का दिन हमारे देश के ज्ञात-अज्ञात अगणित देश भक्तों तथा शहीदों को स्मरण करने का भी दिन है, जिनके अकथनीय संघर्ष/ बलिदान के फलस्वरूप हमें आज यह गरिमामयी दिन मनाने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। इसलिए इस दिवस को गरिमा एंव सम्मान के साथ मनाया जाना देश के प्रत्येक नागरिक का पुनीत कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वाभिमान और गौरव की प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को जनमानस में देने हेतु हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया जिसमें जनपदवासियों की सहभागिता बढ़चढ़ कर लिया गया। जिलाधिकारी कहा कि अमर बलिदानियो ने जीवन भर संघर्ष करके अपना सबकुछ न्यौछावर कर देश को स्वतंत्रता दिलाई हैं, उसकी रक्षा करते हुए आर्थिक व सामाजिक स्वाधीनता को और सशक्त बनाने का दायित्व हम सभी का है यह भी दायित्व है कि उसके प्रति विशेष तौर पर आने वाली नई पीढ़ी जो राष्ट्र निर्माण के भविष्य के रूप मे उभर कर आ रहे उन्हें जानकारी देना भी महत्वपूर्ण दायित्व है।

# अदवा बांध का जलस्तर बढ़ने से पांच घंटे बंद रहा हलिया-हथेड़ा मार्ग

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।



लगातार बारिश के कारण अदवा बांध का जलस्तर अचानक बढ़ गया।अदवा बांध का जलस्तर बढ़ने से सिंचाई विभाग द्वारा शनिवार को बांध के चार गेट खोलकर अदवा नदी में पानी छोड़ने से अदवा नदी उफान पर आ गयी जिससे हलिया-हथेड़ा मार्ग पर बने पुल के ऊपर से पानी बहने लगा, जिसके चलते करीब पांच घंटे तक आवागमन पूरी तरह बंद रहा।हलिया-हथेड़ा मार्ग बंद पुल के ऊपर से पानी चलने के कारण प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से मार्ग को बंद कर दिया। इस वजह से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई और राहगीरों को काफी परेशानी हुई।हलिया से हथेड़ा पहुंचने के लिए भटवारी गांव से सिंचाई विभाग के पुल से होकर लोग पहुँचे इसी तरह कोटार नाथ मंदिर के रास्ते बंद अदवा नदी में उफान आने से कोटार नाथ मंदिर जाने वाले दोनों रास्ते भी बंद हो गए। श्रद्धालु मंदिर तक नहीं पहुंच सके।अदवा बांध के 4 गेट खोले गए बढ़ते जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए अदवा बांध के चार गेट खोल दिए गए। कुछ घंटों बाद जलस्तर कम होने पर पानी का बहाव धीमा हुआ। इसके बाद प्रशासन ने हलिया-हथेड़ा मार्ग और मंदिर के रास्ते आवागमन के लिए खोल दिए।प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की है और नदी के तेज बहाव में न जाने की हिदायत दी है।

# हलिया रेंज में 'वंदे मातरम वाटिका' की स्थापना



समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।

उत्तर प्रदेश सरकार के वृक्षारोपण महाअभियान - 2026 के तहत शनिवार को हलिया रेंज परिसर में वंदे मातरम वाटिका बनाई गई।वन क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार राय ने कर्मियों के साथ मिलकर आमा का पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। वृक्षारोपण महाअभियान - 2026 पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना एक पेड़ माँ के नाम हर नागरिक लगाए कम से कम 1 पौधा वन विभाग ने लोगों से अपील की कि वे वृक्षारोपण में सहभागी बनें और लगाए गए पौधों की देखभाल करें।

इस दौरान वन दरोगा राजकुमार वर्मा, नीटू शर्मा, फारेस्ट गार्ड शीतला बक्स सिंह आदि मौजूद रहें।

## स्वतंत्रता दिवस पर मीरजापुर के पीआरवी कर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)। स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर यूपी-112 आपात सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए जनपद मीरजापुर के हलिया थाना के पीआरवी वाहन संख्या यूपी 32 डीजी 5894 के कमाण्डर हेड कांस्टेबल शैलेश सिंह, ओमप्रकाश, तौकीर खान, कांस्टेबल राजमोहन, चालक सुमारु मौर्य को पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।पीआरवी टीम ने जनपद मीरजापुर में उत्कृष्ट रिस्पांस टाइम बनाए रखते हुए कुशल मनोयोग के साथ राजकीय कार्य सम्पादित किया। प्रदेश के आमजन को त्वरित पुलिस सहायता प्रदान करने में उनके लगन एवं परिश्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई है।

# मथौली सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गणतंत्र दिवस की रही धूम, शान से हुआ ध्वजारोहण

समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।



नगर पंचायत कार्यालय मथौली परिसर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 80 वां स्वतंत्रता दिवस धूम रही। तथा शान से ध्वजारोहण किया गया ।और देश के वीर शहीदों को याद किया गया। नगर पंचायत मथौली कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष नवरंग सिंह व सभासदों द्वारा संयुक्त रूप से शहीद स्मारक स्तंभ पर पुष्प अर्पित किया। उसके बाद ध्वजारोहण किया गया और शपथ दिलाई गई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष नवरंग सिंह ने कहा कि यह दिन शहीदों के त्याग को याद करने का दिन है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता को गुलामी की जंजीरों से छुड़ाने का कार्य किया था। जिससे आज हम सभी स्वतंत्र तरीके से रह रहे है। उन्होंने शहीदों के आश्रितों को अंगवस्त्र और मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में श्री मुरलीधर भागवत लाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संरक्षक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव व प्राचार्य डॉ.अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण किया गया।श्री मती राधिका देवी इंटर कॉलेज में प्रबंधक नरेंद्र श्रीवास्तव व प्रधानाचार्य राम दरश सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया।किसान इंटर कॉलेज मथौली पर प्रबंधक प्रवीण बगड़िया द्वारा ध्वजारोहण हुआ। ज्ञानोदय इंटर कॉलेज हरपुर बरवा पर राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, अभय कुमार सिंह ,निकेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया।नेहरू विद्यालय हरपुर बरवा पर प्रबंधक रामविचारी सिंह, प्रधानाचार्य विद्या लाल द्वारा ध्वजारोहण हुआ।

# आरोग्य मेले में 237 मरीजों का हुआ उपचार



समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।

स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के पांच स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ,मतवार ,मुड़पेली, ड्रमंण्डगंज और बरौंधा स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित मेले में चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार और दवाएं उपलब्ध कराई। इस दौरान कुल 237 मरीजों का उपचार किया गया। आरोग्य मेले में मौसमी बीमारियों, त्वचा रोग, पेट दर्द, बुखार, रक्तचाप और शुगर से पीड़ित मरीजों की जांच की गई। स्वास्थ्य केंद्रों पर मौजूद लैब कर्मियों ने मरीजों की शुगर, हीमोग्लोबिन और मलेरिया की जांच की। चिकित्सकों ने मरीजों को बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी सावधानियों की जानकारी भी दी। हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक डा. विवेक खरे ने 57 मरीजों की जांच कर उपचार किया और आवश्यक दवाएं वितरित कीं। मतवार स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 43मरीजों का उपचार किया। वहीं मुड़पेली स्वास्थ्य केंद्र पर मनीष कुमार ने 41 मरीजों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंण्डगंज डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा ने 49 और बरौंधा डॉक्टर शालिनी सिंह ने 47 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण करके दवा दी गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. विमल कुमार ने स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण कर आरोग्य मेले का जायजा लिया और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

▸ नाना राव पार्क में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने किया ध्वजारोहण
▸ अमर बलिदानियों को किया नमन

समृद्धि न्यूज़, कानपुर नगर।



जनपद में 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। फूलबाग स्थित नाना राव पार्क में आयोजित जनपद के मुख्य समारोह में प्रदेश की राज्यमंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' का सामूहिक गायन किया गया। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि देश की स्वतंत्रता असंख्य ज्ञात-अज्ञात क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, त्याग और सर्वोच्च बलिदान का परिणाम है। स्वतंत्रता आंदोलन में कानपुर की धरती और यहां के वीरों का योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की नई पहचान बना रहा है। उन्होंने नागरिकों से कर्तव्यबोध के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का समर्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत बनाने का आह्वान किया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कानपुर की धरती का स्वतंत्रता आंदोलन में गौरवशाली योगदान रहा है। स्वतंत्रता दिवस अमर बलिदानियों के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने जनपदवासियों से सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

## विंध्य गुरुकुल कॉलेज व विंध्य गुरुकुल कॉलेज आफ फार्मेसी में फहराया गया तिरंगा

समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)। विंध्य गुरुकुल कॉलेज एवं विंध्य गुरुकुल कॉलेज आफ फर्मेसी में दिनांक 15.08.2026 को बड़े हर्षोल्लास के साथ 80वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ प्रतीक्षा सिंह द्वारा किया गया। प्राचार्य महोदया ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए तथा छात्र-छात्राओं को उच्च राष्ट्रभावना से प्रेरित होकर राष्ट्र की सेवा करने का आह्वान किया तथा उच्च शिक्षा निदेशक के द्वारा जारी संदेश पढ़ कर सुनाया। महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ आशीष मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दीं।

# स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर सपा ने की तैयारी तेज

समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।




समाजवादी पार्टी ने स्नातक एमएलसी चुनाव की तैयारियों में तेजी ला दी है। रविवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट में आयोजित बैठक में पार्टी ने स्नातक मतदाता बढ़ाने और बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करने की चर्चा की। सपा कार्यालय पर वाराणसी खंड स्नातक निर्वाचन चुनाव क्षेत्र से स्नातक एमएलसी प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा का फूलमाला व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर महारानी अवन्ती बाई की जयंती भी मनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि आगामी स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बैठक में नेताओं ने बूथ कमेटियों के गठन, संगठन की मजबूती और चुनावी रणनीति पर मंथन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्नातक निर्वाचन चुनाव को लेकर हर ब्लॉक के पांच-पांच नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी जिम्मेदार अपने-अपने ब्लॉकों के समस्त गांव, नगर, कस्बों में स्नातक मतदाताओं और स्कूल-कॉलेज में स्नातक मतदाताओं से अधिक से अधिक मुलाकात कर फॉर्म भरवा कर उन्हें मतदाता बनवाने का कार्य करेंगे। बैठक में स्नातक एमएलसी चुनाव प्रभारी पूर्व सांसद रमेश चन्द बिन्द ने कहा कि कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और मतदाताओं के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया और कहा कि समाजवादी पार्टी ताकत के साथ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता बनाने में जुटी हुई है। इस दौरान प्रत्याशी व एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ की हड्डी होते है। जितने सक्रिय कार्यकर्ता सपा के पास है। उतने किसी के पास नही है। अब समय आ गया है कि कार्यकर्ता निष्ठा से एकजुट होकर संघर्ष कर जीत दिलाने का काम करे। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को मेहनत से चुनाव में लग कर जीत सुनिश्चित करना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी एवं संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया। बैठक में पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, डा0 ज्योति बिन्द, आशीष यादव, कीर्ति कोल, मुन्नी यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राज नारायण निराला, रमाशंकर कोल, जैन कुशवाहा, राणा प्रताप सिंह, रामजी मौर्या, शैलेष पटेल, आशा गौतम, संतोष गोयल, सोकिम अहमद, झल्लू यादव, जुम्मन खान, डा0 शक्ति श्रीवास्तव, रामगोपाल बिन्द, भरत बिन्द, हरिशंकर यादव, राममिलन यादव, रामराज यादव, सौरभ सिंह, रवि सोनकर, कन्हैया यादव, महिपाल सिंह, जमुना यादव, गणेश केसरी, विशाल यादव, अतीक खान, श्याम अचल यादव, कौशिक कन्नौजिया, अशोक यादव, लल्लू दूबे, मुकुन्द यादव, कान्धा यादव, शिवपूजन यादव, आदि ने अपने विचार व्यक्त किया।

# सपा ने मनाई महारानी अवंती बाई लोधी की जयंती

समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।



समाजवादी पार्टी ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में रामगढ़ स्टेट का नेतृत्व करने वाली वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी की जयंती मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओ ने महारानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर वक्ताओं ने उनके जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी का जन्म 16 अगस्त 1831 को मनकेहडी के जमीदार राव जुझार सिंह के यहां हुआ था। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी ने अंग्रेजों से जमकर लोहा लिया और भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने जीवन की आहुति दे दी। महारानी आंवती बाई के त्याग और बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। श्री चौधरी ने कहा कि महारानी अवंती बाई ने अपने साहस और बलिदान से नारी सशक्तिकरण का जो परिचय दिया, वह बेमिसाल है। आज की नारियों को भी महारानी अवंती बाई के साहस और त्याग से प्रेरणा लेकर अपने स्वाभिमान की रक्षा करनी चाहिए।

जिससे किसी को भी नारियों का शोषण करने का साहस न हो. उन्होंने कहा कि आज के समय में नारियां शोषण का शिकार हो रही हैं. ऐसे में सभी महिलाओं को महरानी आंवती बाई से सीख लेनी चाहिए।